19- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/18/2025 5:18 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




सिम्स जाने वाली सड़क पर एक बार फिर आटो वालों का कब्जा हो गया है। जिससे आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### वेंकटेश परिसर में मरीजों का निःशुल्क इलाज आज

**बिलासपुर।** सरकंडा सुभाष चौक स्थित वेंकटेश परिसर में रविवार 20 अप्रैल को मरीजों का निःशुल्क इलाज एवं दवा वितरण किया जाएगा। पूर्व सीएमओ डॉ. राजेश शुक्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निकिता जायसवाल, उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. समर्थ शर्मा सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक मरीजों को निशुल्क परामर्श देंगे।

### अभा कांग्रेस कमेटी के सचिव जांगिड़ आज शहर में

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी विजय जांगिड़ कल 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ भवन में कांग्रेसजनो से भेंट -मुलाकात करेंगे। यह जानकारी ऋषि पांडेय ने दी।

### सीजी पोर्टल में शिक्षकों का अपलोड होगा आरपीआर

**बिलासपुर।** सीजी स्कूल पोर्टल में शिक्षकों की 2024-25 की आईपीआर एंट्री अपलोड करने के लिए 21 और 22 अप्रैल दो दिन अभियान चलेगा। शिक्षकों की चल अचल संपत्तियों का विवरण भरने के लिए यह कार्रवाई की जानी है। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने जिले के चारों विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को इसे दो दिन के भीतर पूरा कराने का दायित्व सौंपा है।

### वार्षिक परीक्षा के दौरान दस से अधिक नकलची पकड़े गए

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा चल रही है। इस परीक्षा में नकल की रोकथाम के लिए यूनिवर्सिटी ने तीन उड़नदस्ता का गठन किया था। परीक्षा के दौरान अभी तक दस से अधिक नकलची पकड़े गए हैं। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित मुख्य वार्षिक परीक्षा मार्च माह से चल रही है। इसमें सेकंड ईयर और फाइनल ईयर के परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा दौरान नकल की रोकथाम के लिए तीन उड़नदस्ता का गठन किया गया था। इसमें बिलासपुर जिला के एक उड़नदस्ता एवं दूसरा केन्द्रीय उड़नदस्ता बनाया गया था जो यूनिवर्सिटी से संबद्ध कोरबा, मुंगेली, जीपीएम जिलों के कालेजों के लिए था। इसके अलावा एक महिला उड़नदस्ता बनाया गया है। उड़नदस्ता द्वारा परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। अभी तक वार्षिक परीक्षा में दस से अधिक नकल प्रकरण बनाए गए हैं, जिसमें उड़नदस्ता सहित कालेजों द्वारा भी प्रकरण बनाए गए हैं।

### दो हितग्राहियों को मिलने लगेगी पेंशन

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रहे प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक लोगों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही जिले में जारी है। लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता एवं सक्रियतापूर्वक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की यह पहल आम जनता के लिए हितकारी साबित हो रही है। जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत बिल्हा ब्लॉक के ग्राम उमरिया के राम मिलन राजपूत और शिवचरण यादव को बिल्हा ब्लॉक के सीईओ द्वारा तत्काल पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दोनों ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन दिया था। उनके आवेदन के आधार पर पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद पेंशन स्वीकृत करते हुए प्रमाण पत्र जारी किया गया। समस्या के त्वरित समाधान पर उनके चेहरे खिल उठे। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

# थर्ड लेयर से लिया जा रहा है पानी, वन घटते गए तो औसत बारिश में भी कमी, 100 से अधिक गांवों में हर साल जल संकट

- शहर के बीच से बहने वाली अरपा नदी पूरी तरह सूख गई
- जल संकट के कारण अब जिले में बोर खनन पर लगा प्रतिबंध

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


शहर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्र जल संकट की चपेट में हर साल आते हैं। इस साल भी परेशानी शुरू हो गई है। देखा जाए तो कुछ वर्षों में शहर और जिले में ट्यूबवेल की संख्या दोगुनी हो गई तो भू जल के थर्ड लेयर से पानी लिया जा रहा है। दो साल पहले भी जिले के 909 गांवों में से 133 गांव जल संकट की चपेट में थे। इनमें से 22 गांवों में स्थिति काफी चिंताजनक थी। शहर के बीच से बहने वाली अरपा नदी पूरी तरह सूख रही है तो कहीं नाले, नालियों का सड़ांध मारता पानी जमा था। दरअसल नलों से गायब टोटियां, पानी के बेकार बहने, अरपा के संरक्षण के अभाव, पानी बचाने के उपाय नहीं होने सहित कई कारणों से जल संकट लगातार बढ़ता ही जा रहा है। इसके बाद भी पानी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं है। हालांकि अब बोर खनन जिले में प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि 30 जून तक प्रशासन की अनुमति के बगैर बोर या नए नलकूप खनन नहीं किए जा सकेंगे।

### इसलिए गहराती गई जल समस्या

- औसत बारिश में गिरावट- 1995 में 1800 मिलीमीटर, 2008 में 892 मिमी, 2018 में 843 मिमी बारिश।
- वनों का फैलाव कम होता गया- 1997 में जिले में 19897 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में था, जो अब घटकर 8298 वर्ग किमी रह गया।
- सतही जल की बजाय भूगर्भ जल (बोरिंग) का अधिकाधिक इस्तेमाल।
- जिले में 2200 ट्यूबवेल हुआ करते थे, अब बढ़कर 5000 से अधिक ट्यूबवेल संचालित हो रहे।
- 2006 में शहर में 3 पानी टंकियां और 212 बोर थे, अब 25 टंकियां और 570 ट्यूबवेल खोदे जा चुके हैं।

### जिले में ट्यूबवेल की संख्या दोगुनी

कुछ वर्षों में शहर और जिले में ट्यूबवेल की संख्या दोगुनी हो गई तो भू जल के थर्ड लेयर से पानी लिया जा रहा है। साथ ही अरपा से चार्ज होने वाले तटवर्ती ट्यूबवेल का बुरा हाल है। सरकंडा से तोरवा तक पेयजल सप्लाई वाले 50 से अधिक ट्यूबवेल सूखने लगे हैं। शहर में पानी सप्लाई के लिए कुदुदंड पंप हाउस में म्युनिस्पैलिटी के समय 1961 में कराए गए बोर भी कई बार खराब हो रहे हैं। 70 वार्डों वाले शहर के 22 वार्ड में जल संकट हर साल रह रहा है। शहरी क्षेत्र में ही 20 टैंकर और 6 वाटर लारियों के जरिए 100 से अधिक स्थानों पर पानी सप्लाई की नौबत आ रही है।



### अरपा का पेरेनियम जोन डिस्टर्ब हो गया

जानकार बताते हैं कि 30-35 साल पहले तक अरपा में गर्मियों में भी पानी रहता था। एक -डेढ़ हाथ खोदने पर पानी आ जाता था। फिलहाल अरपा के अस्तित्व पर ही संकट है। पेंड्रा के अमरपुर स्थित उद्गम से लेकर शहर तक अधिकांश जगहों पर पानी नहीं है। अरपा भैंसाझार, लच्छनपुर व्यपवर्तन, खोंगसरा व्यपवर्तन, सल्का व्यपवर्तन, सल्का व्यपवर्तन, आमामुड़ा व्यपवर्तन में पानी रोकने के कारण बारिश के बाद शहर तक अंतःसलिला में पानी ठहर नहीं पा रहा है। अरपा के तटवर्ती क्षेत्रों का पेरेनियम जोन डिस्टर्ब हो चुका है।

### यह व्यवस्था तो अब बनानी ही होगी

- हर घर, कांप्लेक्स, बगीचे में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सोख्ता गड्ढा, बनाकर वर्षा का पानी रोका जाए।
- प्रत्येक मकान के आस पास पौधे लगाएं और निस्तारी पानी का उपयोग बागवानी में किया जाए।
- ओवरहेड टैंक भरने के लिए टाइमिंग सेट करें या फिर उसे कम भरें, जिससे पानी बरबाद नहीं हो।
- घर हो या बाहर, टोटी खुला न छोड़ें, न छोड़ने दें, गाड़ी धोने में पानी का बेजा इस्तेमाल नहीं करें।
- अवैध उत्खनन तत्काल बंद कराएं, अरपा में कचरा नहीं फेंके और न ही किसी को फेंकने दें।
- भूगर्भ जल की सारी योजनाओं को बंद कर सतही जल में परिवर्तित करे, बोरिंग पर पाबंदी लगाई जाए।

### जिले में बोर खनन प्रतिबंधित

अरपा नदी के संवर्धन पर जारी योजनाओं को जल्द पूरा करने पर काम चल रहा है। जिन गांव में पानी का संकट अधिक है वहां व्यवस्था कराई जा रही है। अब बोर खनन जिले में प्रतिबंधित कर दिया गया है। 30 जून तक प्रशासन की अनुमति के बगैर बोर या नए नलकूप खनन नहीं किए जा सकेंगे। लोगों को भी जागरूक होना होगा। पानी की खपत कम करने के साथ ही बचत करनी होगी।

\- **अवनीश शरण,** कलेक्टर, बिलासपुर

# तेज हवाओं से बदला मौसम

## पर गर्मी से राहत नहीं | शाम चार बजते ही चलने लगी धूल भरी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में मौसम का मिजाज शनिवार को कुछ खास रहा। शहरवासी सुबह से शाम तक तेज धूप से हलाकान रहे, वहीं दोपहर बाद आसमान पर छाए बादलों से गर्मी से राहत की कुछ उम्मीद जागी। शाम चार बजते ही धूल भरी तेज हवाएं चलने लगी और बादलों की गर्जना के साथ बूंदाबांदी भी होने लगी। दिलचस्प बात यह है कि तेज हवाओं, बदली और बूंदाबांदी के बाद भी शहरवासियों को गर्मी से राहत नहीं मिली।

मौसम का मिजाज शहर में लगातार बदल रहा है। शनिवार को पूरे दिन शहर को तपाकर आसमान में बादल दिखाई पड़ने लगे थे। तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बादलों की गर्जना के साथ बूंदाबांदी भी हुई, लेकिन इतनी नहीं हुई कि लोगों को राहत मिल सके। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर-पश्चिम झारखंड के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से डेढ़ किलोमीटर ऊपर तक बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले तीन दिनों तक प्रदेश में बादलों की गर्जना के साथ ही बिजली गिरने की गतिविधि भी जारी रह सकती है।



### टूट गई बारिश की उम्मीद

शाम को मौसम में जिस तरह से बदलाव शुरू हुआ था। उसे देखकर बारिश की उम्मीद की जा रही थी। तेज हवाओं व बादलों की गर्जना भी होने लगी थी। इस बीच अच्छी बारिश की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन मामला बूंदाबांदी तक ही सीमित रहा, जिससे शहर का मौसम राहत भरा होने की बजाए गर्म ही रहा।

### रायपुर-बिलासपुर सबसे गर्म

रायपुर व बिलासपुर शनिवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहे। इस दौरान दोनों ही शहरों में अधिकतम तापमान रायपुर में 41 4 व बिलासपुर में 40 डिग्री रिकार्ड किया गया। इसी तरह बिलासपुर का न्यनूतम तापमान 26 डिग्री सेंटीग्रेड रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में भी लगातार बढ़ोतरी होने के कारण रात में उमस से परेशानी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

# दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक शहर के ट्रैफिक सिग्नल बंद रहेंगे: एसएसपी

- यातायात पुलिस की भीषण गर्मी से बचाव करने विशेष पहल

संपूर्ण छत्तीसगढ़ में इन दिनों गर्मी का प्रभाव लगातार बढता जा रहा है। इस चिलचिलाती धूप में आमजन को दोपहर के समय सिग्नल बन्द होने की स्थिति में सिग्नल के पास खड़ा होना अत्यधिक कष्टप्रद रहता है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर भीषण गर्मी के दिनों में लोगों को राहत पहुंचाने विशेष पहल की गई है। इसके तहत दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक शहर के सिग्नल को बंद रखने के आदेश दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक प्रभारी रामगोपाल करियारे ने बताया कि भीषण गर्मी को ध्यान रखते हुए एसएसपी के निर्देश के परिपालन में शहर के सिग्नल को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रखा जाएगा। हालांकि बंद सिग्नल पर ट्रैफिक पुलिस के जवान यातायात व्यवस्था के लिए तैनात रहेंगे, सिग्नल बंद करने के उपरांत यातायात व्यवस्था बाधित, जाम या अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है तो ऐसे स्थिति में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से रखने सिग्नल पुनः प्रारंभ कर दिया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने चिलचिलाती धूप में जहां आम जनों को राहत देने सिग्नल बंद रखने निर्देशित करने के साथ ही चौक चौराहों पर इस भीषण गर्मी में ड्यूटी करने वाले यातायात के जवानों को छाया नुमा छतरी भी प्रदान की गई है। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील किया है कि जिन चौकों पर सिग्नल बंद रखा जाएगा उन जगहों पर यातायात नियम का समुचित पालन करते हुए अपने वाहन धीमी गति से चौक क्रॉस कर अपनी यात्रा पर जाएं एवं सदैव यातायात नियम का पालन करें।



धूप में चौक चौराहों पर ड्यूटीरत जवानों को दी गई छतरी

टावर लोकेशन के आधार पर भटकती रही तीन थानों की पुलिस

# 23 घंटे बाद फांसी पर लटकी मिली कबड्डी खिलाड़ी की लाश



मोपका क्षेत्र के कुटीपारा स्थित जंगल में स्ट्रेचर नहीं मिलने से पुलिस वाले लकड़ी का स्ट्रेचर बनाकर युवक की लाश लेकर शहर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा, सरकंडा और मस्तूरी थाने की पुलिस कबड्डी खिलाड़ी की तलाश में बिजली टावर के आसपास भटकती रही। 23 घंटे मशक्कत करने के बाद मोपका क्षेत्र के कुटीपारा बिजली सब स्टेशन के पास पेड़ में लटकती हुई युवक की लाश मिली। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

मोपका चौकी प्रभारी संजीव ठाकुर ने बताया, भिलाई दुर्ग कुम्हारी जांजगीरी निवासी कबड्डी खिलाड़ी ने 17 अप्रैल को अपने दोस्तों के मोबाइल में आत्महत्या करने व पिता को बिलासपुर आकर शव ले जाने का मैसेज किया। उसके बाद 18 अप्रैल को जंगल में फांसी का फंदा बनाकर उसमें लटकने का लाईव वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में बिजली टावर दिखाई दे रहा था। दोस्तों ने इस बारे में युवक के माता-पिता को बताया। परिजनों ने कुम्हारी थाना जाकर घटना की जानकारी दी। भिलाई दुर्ग पुलिस ने लोकेशन निकाला तो वह तोरवा देवरीखुर्द का क्षेत्र बता रहा था। पुलिस ने तुरंत कोतवाली सीएसपी से संपर्क किया। सीएसपी के निर्देश पर 18 अप्रैल को तोरवा पुलिस ने देवरीखुर्द स्थित बिजली टावर के आसपास युवक की तलाश की, किन्तु वह नहीं मिला। मस्तूरी पुलिस ने एक निजी कालेज के पास लगे बिजली टावर के आसपास तलाश की, लेकिन वहां भी युवक का पता नहीं चल पाया। उसके बाद युवक के मोबाइल का लोकेशन मोपका चिल्हाटी के आसपास पाया गया। इधर भिलाई दुर्ग से युवक के परिजन भी शहर पहुंच गए थे। इस दौरान मोपका पुलिस युवक के परिजनों को साथ लेकर चिल्हाटी, लगरा, चुन्नी तालाब, उरतुम व कुटीपारा के निवासियों को मृतक का फोटो व वीडियो दिखाकर पूछताछ कर रही थी। 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कुटीपारा के ग्रामीणों ने बिजली सब स्टेशन के पास महुआ मंदिर के पीछे बबूल के पेड़ में एक युवक की लटकी हुई लाश मिलने की सूचना दी। आनन फानन में पुलिस परिजन को लेकर मौके पर पहुंची, जहां परिजनों ने लाश की पहचान की। पास में उसका मोबाइल मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### दोस्तों को बताया किराए के मकान में रह रहा

चौकी प्रभारी श्री ठाकुर ने बताया, मृतक भिलाई में डीजे में गाना बजाने का काम करता था। 15 अप्रैल की सुबह वह अपने घर गया। पिता के पूछने पर बताया कि रात में वह डीजे में गाना बजाने गया था। उसके पिता रोजी मजदूरी करने चले गए। कुछ देर बाद वह भी घर से निकल गया। प्रेक्षा ने 17 अप्रैल को अपने दोस्तों को मोबाइल पर जानकारी देते हुए बताया कि वह खाने-कमाने बिलासपुर आ गया और किराए के मकान में रह रहा है। उसके बाद मृतक ने 18 अप्रैल को इंस्टाग्राम में वीडियो वायरल कर आत्महत्या कर लिया।

## अधिकारियों से हरिभूमि की खास बातचीत

# बिलासपुर है पुराना घर, चुनौतियों का डटकर करेंगे सामना : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बीस साल पहले शहर में एसडीएम रह चुके 2012 बैच के आईएएस अधिकारी संजय अग्रवाल बिलासपुर के नए कलेक्टर होंगे। बीते डेढ़ साल से जिले में कलेक्टरी सम्हाल रहे अवनीश शरण आयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश बनाए गए हैं। हरिभूमि से खास बातचीत के दौरान आने वाले कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बिलासपुर को अपना पुराना घर बताया, जबकि कलेक्टर श्री शरण ने अपने पंद्रह साल के कैरियर में पांच साल यहीं बिताने के कारण इसे अपना जैसा लगने वाला शहर कहा।

राज्य शासन द्वारा प्रदेश में शनिवार को किए गए बड़े प्रशासनिक फेरबदल के अंतर्गत संजय अग्रवाल को बिलासपुर का नया कलेक्टर बनाया गया है। श्री अग्रवाल वर्तमान में कलेक्टर राजनांदगांव की कमान सम्हाल रहे हैं। राजनांदगांव में उनके कार्यकाल की उपलब्धियों के सबंध में पूछने पर उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य अकेले नहीं हो सकता। टीमवर्क काम करता है। उन्होंने राजनांदगांव में भी शासन की प्राथमिकताओं एवं मंशानुरूप जनहित में कार्य करने का प्रयास किया है। कलेक्टर बिलासपुर के रूप में प्राथमिताओं के संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार ने जो भी योजनाएं आम जनता के लिए लागू की हैं, उनका लाभ सही समय में सही व्यक्तियों तक पहुंचाना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

बिलासपुर जिले में उनके सामने आने वाली चुनौतियों के संबंध में श्री अग्रवाल ने कहा कि चुनौतियां तो कामकाज के दौरान आती ही हैं। बस स्थान और परिस्थितियों के हिसाब से चुनौतियों का स्वरूप अलग हो सकता है। बीस साल पहले बतौर एसडीएम सेवा वाले शहर में अब कलेक्टरी करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिलासपुर कलेक्टर बनने पर उन्हें खुशी तो है, लेकिन कलेक्टर के कामकाज का दायरा बड़ा होता है। इसमें चुनौतियां अधिक हैं, लेकिन कामकाज के दौरान लोगों का सहयोग भी ज्यादा मिलता है।

# मौका मिला तो वापस जरूर आना चाहेंगे : अवनीश



बीते डेढ़ वर्षों तक जिले की कलेक्टरी सम्हाल रहे अवनीश शरण अपने कार्यकाल से पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार उन्हें जिले में चुनाव संपन्न कराने कलेक्टर बनाया गया था। चुनाव संपन्न होने के बाद भी सरकार ने उन्हें यथावत रखा। प्रदेश में लगातार हुए तीन महत्वपूर्ण चुनावों का निर्विवाद संपंन्न होने को ही वे एक बड़ी उपलब्धि मानते हैं।

इसके अलावा सिम्स व जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी। शहर को अतिक्रमण एवं भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त करने हेतु किए गए प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं। अपोलो सड़क के चौड़ीकरण व शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लगातार प्रयास किए गए। पूरे न हो पाने वाले कार्यों के संबंध में उन्होंने कहा कि शहर में दो फ्लाईओवर की प्लानिंग भी तैयार की जा रही थी, जो पूरी नहीं हो सकी, लेकिन यह काम अब आने वाले अधिकारी जरूर पूरा करेंगे।

भविष्य में संभाग कमिश्नर के रूप में बिलासपुर आने मौका मिलने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि किस अधिकारी को कहां सेवा देनी है, यह तो शासन स्तर का विषय है, लेकिन यहां आने का मौका मिला तो उन्हें बड़ी खुशी होगी। बिलासपुर शहर व शहरवासयों के संबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि यह प्यारा शहर है। अपने पंद्रह साल के कैरियर के महत्वपूर्ण पांच साल उन्होंने यहीं बिताए हैं। यह शहर अपना जैसा लगता है।

## खबर संक्षेप

### छग मुस्लिम कमेटी की महिलाओं ने मनाया ईद मिलन




**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ मुस्लिम कमेटी द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सुनीता भगत शर्मा, महिला जेलर एवं विशिष्ट अतिथि शहजादी कुरैशी पार्षद एवं हमीदा सिद्दीकी साहिबा थीं। कमेटी की अध्यक्ष शकीला खान, सचिव सलमा बेगम, कोषाध्यक्ष शबाना बहाब, अतिया जमील, मेहरुन्निसा, मुमताज, परवीन आलम, रईसा जफर, यास्मीन खान, सबीहा खान, आशिया कुरैशी, नूर जहां, कुरैशा बेगम, नीलोफर, शबीना, रेशमा, फिरोज शहनाज तथा लायंस क्लब वसुंधरा की अर्चना तिवारी, सुधा परिहार, गायत्री कश्यप, उषा मुदलियार, रत्ना खरे एवं समाज की महिलाएं मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान शरीफ से की गई। माही नूर, अक्षय बेगम, शादी बेगम, तमन्ना एवं मुस्कान ने हम्द एवं नाल पेश किया। कार्यक्रम का संचालन नसरीन सबीहा एवं सलमा बेगम ने किया। अंत में अध्यक्ष शकील खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### स्काउट-गाइड ने जिले के 10 स्थानों में खोला प्याऊ घर, चलेगा 9 मई तक



**बिलासपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्काउट-गाइड द्वारा बिलासपुर जिले के 10 स्थानों में प्याऊ घर खोला गया है। इसमें सरकंडा, सकरी, चकरभाटा, मस्तूरी, कोटा, तखतपुर सहित अन्य स्थान शामिल है। यह प्रतिदिन सुबह 10 से 5 बजे तक स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा संचालित किया जा रहा है। विगत 9 अप्रैल से आरंभ यह प्याऊ घर 9 मई तक चलेगा। यह जानकारी राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट-गाइड छग. डॉ सोमनाथ यादव ने दी।

### भारतीय सिंधु सभा करेगी 200 बच्चों का सम्मान, बैठक में लिए गए निर्णय



**बिलासपुर।** भारतीय सिंधु सभा की आम बैठक संस्था के अध्यक्ष शंकर मनचंदा के नेतृत्व में आयोजित की गई। इसमें आगामी सितंबर माह में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें समाज के 200 प्रतिभाशाली बच्चों का संस्था के मंच से सम्मान किया जाएगा। इसमें महामंत्री राम सुखीजा ने बताया कि इष्टदेव श्री झूलेलाल साईं का जयघोष के साथ सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक आरंभ की गई। विगत कुछ दिनों पूर्व सिंधी समाज व संस्था के अब तक के सबसे बड़े आयोजन सिंध जो मेलो के सफल आयोजन पर उपस्थित सभी सदस्यों को बधाई दी गई। मेले की समीक्षा कर आय-व्यय की जानकारी दी गई। आभार प्रदर्शन अमर चावला व अमर पमनानी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में नारायण दास उभरानी, रमेश लालवानी, मनोहर पमनानी, धनराज आहूजा, नानक खाटूजा, हरीश भगवानी, हुंदराज जैसवानी, शंकर मनचंदा, महेश पमनानी, रमेश मेहरचंदानी, दयानन्द तिरथानी, हुंदराज मोटवानी, जगदीश जग्यासी, सतीश लाल प्रताप, आयलानी हरगुन, करड़ा शंकर नागदेव, जगदीश नागदेव, दिलीप घनशानी, नवीन जादवानी, अविनाश आहूजा, कमल बजाज, विनोद जीवनानी, अभिषेक विधानी, नंदलाल पोपटानी, विनोद रायकेश, भरत आडवाणी, अमर चावला, अमर पमनानी, राम सुखीजा उपस्थित थे।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आज समापन



**बिलासपुर।** आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक 7 दिवसीय निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा था। जिसका समापन रविवार 20 अप्रैल को किया जाएगा। सात दिवसीय इस शिविर में आमवात, पक्षाघात, अर्दित, संधिवात, लम्बर स्पॉण्डिलायटिस, स्पाण्डोलयटिस, कंधे, एड़ी दर्द, कंपवात आदि रोगों का परामर्श चिकित्सकों द्वारा दिया गया। मरीजों ने बड़ी संख्या में इसका लाभ उठाया। शिविर में सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मनोहर टेकचंदानी, डॉ. विमल शर्मा, डॉ. किरण वर्मा, डॉ. मोनिष्का शर्मा, डॉ. चंचला तिवारी, डॉ. निहारिका सिंह, डॉ. सोमेश, डॉ. विपिन एवं संस्था के संस्थापक डॉ. मनोज चौकसे ने अपनी सेवाएं दी।

### महिला थाने के सामने गड्ढे में फंसी बस, बड़ा हादसा टला

**बिलासपुर।** शहर के महिला थाने के पास मिनी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जाकर फंस गई।



वाहन में ड्राइवर के अलावा कोई नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। वहीं गड्ढे में बस का अगला पहिया धंसने से बस स्टार्ट नहीं हो पाई। सड़क पर बस के खड़े होने से रास्ता जाम हो गया था। लोग अन्य मार्ग से होते हुए अपने गतंव्य के लिए रवाना हुए। ड्राइवर ने मैकेनिक बुलाकर मरम्मत कराई। मालूम हो कि शहर के कई ऐसे मार्ग है जो काफी जर्जर हो चुके हैं और छोटी-मोटी गाड़ियों के आवागमन से आए दिन दुर्घटनाएं होते रहती है। कई बार गंभीर हादसे भी हो चुके हैं। लेकिन प्रशासन सड़कों के मरम्मत कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। इससे आम लोग और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

---

**जिला मूल्यांकन समितियों से 15 मई तक मंगाए गए प्रस्ताव** | उप जिला मूल्यांकन समितियों को 30 अप्रैल तक पूरी करनी होगी प्रक्रिया

# अचल संपत्ति के बाजार मूल्य की गाइड लाइन तैयार करने शासन ने बढ़ाई डेटलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


फाइल फोटो

अचल संपत्ति वर्ष 2025-26 के लिए बाजार मूल्य निर्धारित होना है। इसके लिए नई गाइड लाइन तैयार करने शासन ने डेटलाइन एक माह बढ़ा दी है। पहले 15 अप्रैल तक बाजार मूल्य का प्रस्ताव तैयार कर भेजना था, जो अब जिला मूल्यांकन समितियों को 15 मई तक केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को प्रस्ताव भेजना है। वहीं उप जिला मूल्यांकन समिति स्तर की कार्यवाही 30 अप्रैल तक पूरा करना होगा।

इससे यह तय माना जा रहा है कि अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण के संबंध में नई गाईड लाइन एक माह विलंब से आएगा। पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों के अध्यक्ष सभी जिलों के कलेक्टरों को डेटलाइन बढ़ाए जाने पत्र जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाया जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम 2000 में विहित प्रावधानों के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के लिए दरों के पुनरीक्षण प्रस्ताव भेजने कहा गया था। लेकिन पंजीयन कार्यालयों में मार्च माह में कार्य की अधिकता को दृष्टिगत रखते हुए अब उप जिला मूल्यांकन समिति स्तर पर प्रस्ताव तैयार करने की कार्यवाही 30 अप्रैल तक पूर्ण करना होगा। इसी तरह जिला मूल्यांकन समितियों को बाजार मूल्य का प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को 15 मई तक भेजना होगा।

सभी जिलों को समय सीमा के भीतर पुनरीक्षण प्रस्ताव भेजने कहा गया है। इसके पहले जिला मूल्यांकन समितियों को 15 अप्रैल तक प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए थे।

## पंजीयन विभाग करा रहा सर्वे

पंजीयन विभाग ने अचल संपति की कीमत को लेकर गाईड लाइन तैयार करने प्रक्रिया शुरू कर दी है। अचल संपत्ति के नई गाइड लाइन दर चार कालम के भीतर प्रस्तावित करने कहा गया है। इसमें हेक्टेयर एवं वर्ग मीटर में अचल संपति मुख्य मार्ग पर स्थित, मुख्य मार्ग से अंदर है, इसको ध्यान में रखकर प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। नई गाइड लाइन दर के संबंध में निर्देश आने के बाद पंजीयन कार्यालय की ओर से किन-किन जगहों पर डेवलपमेंट हो रहा है और कहां-कहां जमीन की कीमतों में वृद्धि किया जाना है, इसका सर्वे कराया जा रहा है। इसके लिए राजस्व विभाग से तहसीलदार, पटवारियों से जानकारी मंगाई गई है। पंजीयन विभाग की ओर से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम सहित पीडब्लूडी, प्रधानमंत्री सड़क योजना से भी यह जानकारी मांगी है कि उनका किसी जगह पर प्रोजेक्ट चल रहा या आने वाला है, उसके अनुसार वहां के जमीन की गाइड लाइन दर में बढ़ोतरी की जाएगी।

## पिछले पांच साल से नहीं बढ़ा बाजार मूल्य

पिछले पांच साल से अचल संपत्ति का बाजार मूल्य नहीं बढ़ा है। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 के बाद से गाइड लाइन दर में वृद्धि नहीं हुई है। पिछली सरकार ने गाइड लाइन दर में 30 प्रतिशत की छूट दी थी, जिससे बिल्डर, भूमाफिया और रियल इस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा फायदा हुआ। हालांकि यह 30 प्रतिशत छूट अब समाप्त कर दी गई है। अचल संपत्ति का बाजार मूल्य गाइड लाइन दरों का निर्धारण करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखने कहा गया है कि कृषि भूमि केवल सिंचित भूमि की दर निर्धारित की जाए एवं असिंचित भूमि की दर सिंचित भूमि से 10 प्रतिशत कम किया जाए।

## प्रस्ताव तैयार करने बढ़ाई गई डेटलाइन

अचल संपत्ति की नई गाइड लाइन दर के लिए सर्वे चल रहा है। बाजार मूल्य निर्धारण का प्रस्ताव तैयार करने की कार्यवाही चल रही है। प्रस्ताव तैयार करने के लिए डेटलाइन बढ़ाई गई है और 15 मई तक जिला मूल्यांकन समिति को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को प्रस्ताव भेजना है।

**-राजीव स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

---

सीएमडी कालेज आडिटोरियम में संगोष्ठी का आयोजन

# वन नेशन वन इलेक्शन से अतिरिक्त आर्थिक व्यय व समय की होगी बचत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर






छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने सीएमडी कालेज के आडिटोरियम में शनिवार को वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र और एक चुनाव के लाभ गिनाए। उन्होंने बताया कि वन नेशन वन इलेक्शन से न सिर्फ आर्थिक व्यय बचेगा, बल्कि समय की भी बचत होगी।

इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने बताया कि आज के परिप्रेक्ष्य में यह विषय चर्चा के योग्य और समय के साथ जनमत संग्रह के माध्यम से हमें इस दिशा में आगे बढ़ने पर विचार करना चाहिए। आज राजनैतिक दल आइडियोलॉजी या अपने विजन को जनता के सामने रखने के बजाए वोट बैंक को कैसे संजोए रखा जाए इसकी चिंता में लगी रहती है। इस सिस्टम में उलझा हुआ देश का नागरिक केवल वोट बैंक बनकर रह गया है। सतत चलने वाली चुनावी व्यवस्था में नागरिक अपनी अभिव्यक्ति और विमर्श की क्षमता से परे चला गया है। शासन प्रशासन के साथ ही साथ वह भी चुनावी तंत्र का हिस्सा बन गया है। अलग-अलग समय में होने वाले ये चुनाव देश पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालते हैं वहीं सरकार के मूलभूत संसाधनों को भी लंबे समय तक संलग्न रखते हैं।

**आचार संहिता के नाम पर विलंब**

श्री पांडेय ने बताया कि जैसे ही चुनाव की घोषणा होती है आचार संहिता लग जाता है। यह आचार संहिता दो-तीन माह पहले लग जाता है। इसके बाद एक छोटे से बाबू से लेकर चीफ सेक्रेटरी तक यही कहते हैं कि आचार संहिता लग गया है और इस तरह कोई भी काम में विलंब होते जाता है।

## सरकार का लंबा समय चुनाव में जाता है: अमर

संगोष्ठी में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे देश में चुनाव लगातार पांच वर्षों तक चलने वाली व्यवस्था के रूप में परिणित हो गई है। चुनी हुई सरकार का एक लंबा कालखंड चुनाव में चला जाता है। पांच साल के कार्यकाल में बामुश्किल किसी भी सरकार के हिस्से में विकास के लिए महज तीन वर्ष का समय ही हाथ आता है। ऐसे में आधारभूत संरचनाओं के विकास में जो समय और शक्ति लगनी चाहिए, उसका अभाव हो जाता है। राज्य और केन्द्र सरकार के कुल चुनावी खर्च की गणना करें तो वर्तमान समय में लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपए का बजट रहा है। वन नेशन वन इलेक्शन के माध्यम से इस खर्च में काफी हद तक कटौती की जा सकती है। संगोष्ठी में श्रोता वर्ग से कई लोगों ने इस संदर्भ में अपनी जिज्ञासा शांत करने प्रश्न किया, जिसका मंच से समुचित जवाब दिया गया। संगोष्ठी में महापौर श्रीमती पूजा विधानी, भाजपा जिलाध्यक्ष द्वय मोहित जायसवाल व दीपक सिंह, गुलशन ऋषि, सीएमडी कालेज के प्राचार्य संजय सिंह, एसपी चतुर्वेदी सहित प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं आदि शामिल हुए।

---

# जटिल सर्जरी कर सिम्स ने दी मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टीबी के बाद कूल्हे की हड्डी खराब होने के कारण अत्यधिक पीड़ा से ग्रसित दो मरीजों को सिम्स के डाक्टरों ने बेहतर जीवन दिया है। दोनों मरीज की हालत में सुधार हो रहा है।

हाल ही में सिम्स अस्पताल के अस्थि रोग विभाग में दो मरीज के कूल्हे के जोड़ का सफल आपरेशन किया है। दोनों मरीज अस्थि रोग विभाग के डाक्टर डॉ० संजय गिल्ले से मिले। दोनों मरीज हड्डी टीवी रोग से ग्रसित थे और कूल्हे की हड्डियां घिस चुकी थीं। बीमारी की वजह से उठने, बैठने व रोजमर्रा के काम करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। डाक्टर संजय ने एचओडी डॉ एआर बेन से मरीज के सम्बंध में चर्चा की। अस्थिरोग विभाग ने इसकी जानकारी डीन डॉ रमणेश मुर्ति को दी। डीन ने मरीज के इलाज के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। डाक्टरों ने बांय कुल्हे का सफल प्रत्यारोपण कर दिया है, वहीं आगामी माह में दाएं कूल्हे का प्रत्यारोपण किया जाएगा।

डाक्टर ने बताया कि पामगढ़ निवासी मरीज सिम्स अस्पताल लगाया गया था। जटिल सर्जरी में डॉ एआर बेन, डॉ संजय गिल्ले, डॉअविनाश अग्रवाल, डॉ रवी, डॉ शुभम शामिल रहें। इस दौरान निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ मधुमिता मुर्ती, डॉ मिलटन, डॉ भावन व डॉ श्वेता का सहयोग लिया गया।

## हो रहा बेहतर काम

अस्थिरोग विभाग द्वारा लगातार बेहतर काम किया जा रहा है। इस दौरान जटिल से जटिल सर्जरी सिम्स के अस्पताल में कराई जा रही है। जोड़ों के रोग से ग्रसित मरीजों का सफल इलाज संभव हो पा रहा है। खास बात यह है कि आयुष्मान योजना से जुड़े लोगों को इलाज में सहूलियत मिल रही है।

**-डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

# किम्स हास्पिटल में ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी सफल




**हेल्थ प्लस**

**बिलासपुर।** किम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में की पहली रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी यूनिट द्वारा जहां घुटने का सफल प्रत्यारोपण किया गया।

ज्ञात हो की उमरिया (मप्र) के रहने वाले 54 वर्षीय एसईसीएल कर्मचारी किशोर कुमार कोल लंबे समय से घुटने के दर्द से परेशान थे। कई जगह दिखने पर भी उन्हें इस दर्द से रहत नहीं मिली। कुछ दिन पहले काम करते हुए भी इनके घुटने पर गंभीर चोट लग गई थी। किसी के सुझाव पर बिलासपुर के किम्स हॉस्पिटल आए। यहां ज्वाइंट एवं रोबोटिक सर्जन डॉ अभिनव मिश्रा से मिले। जिन्होंने जांच रिपोर्ट देखकर किशोर को ज्वाइंट (घुटने) की सर्जरी का सुझाव दिया। नई रोबोटिक तकनीक से सर्जरी होनी है। डॉक्टर के समझाने वे मान गए और इन्होने सर्जरी करने की सहमति दी। सर्जरी के बाद किशोर को दर्द



का कोई एहसास नहीं था। किशोर ने डॉ अभिनव मिश्रा और किम्स हॉस्पिटल के कर्मचारियों का धन्यवाद दिया और अब वो बहुत खुश है। किम्स के डायरेक्टर डॉ रवि शेखर ने बताया की मिसो रोबोट के शुभारंभ के बाद हमारे पास कई प्रांतों से मरीज़ घुटने और कमर दर्द लेकर आ चुके हैं। आगे किम्स में और भी अत्याधुनिक इलाज संभव करने में हम तत्पर रहेंगे।

---

इंजन में उपलब्ध कराए गए एयर कंडीशन कैब

# भीषण गर्मी में लोको चलाने वाले चालकों को मिलने लगी ठंडक

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में अब इंजन चलाने वाले लोको पायलट और सहायक लोको पायलटों को ठंडक मिलनी शुरु हो गई है। रेल प्रशासन ने वर्षों पुरानी मांग के बाद करीब 7 हजार से अधिक इंजन में एयर कंडीशन कैब की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे इंजन चालकों को थोड़ी राहत मिली है।

भीषण गर्मी में शहर के तापमान से अधिक ट्रेनों के इंजन का तापमान हो जाता है। एक ओर शहर का तापमान 42 से 45 डिग्री होता है, तो दोपहर की भीषण गर्मी और तेज धूप की वजह से लोहे से बना इंजन गरम होने के बाद अंदर के तापमान को बढ़ाकर 50 से अधिक हो जाता है। इस कई लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की हालत भी खराब हो चुकी है। रेलवे ने इंजन चालकों को गर्मी से निपटने के लिए एक छोटा सा पंखा दिया था, जो उन्हें गरम हवा मारता था। आल इंडिया लोको पायलट एसोसिएशन ने डिवीजन से लेकर जोन और रेलवे बोर्ड स्तर तक इंजन में एसी लगाए जाने मांग की। इस मांग में लोको पायलट अपने परिवार के साथ भी धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल भी किए। सालों बाद लोको पायलट एसोसिएशन की मांग पर रेल प्रशासन ने अब ध्यान दिया है। वर्ष 2014 से पूर्व एक भी रनिंग रूम वातानुकूलित नहीं था। इसमें अब सभी 558 रनिंग रूम को पूरी तरह से एयर कंडीशन्ड किया जा चुका है। इसके अलावा 7 हजार से अधिक लोकोमोटिव्स में एयर कंडीशन्ड कैब उपलब्ध कराया गया है। अब एयर कंडीशन में ट्रेन चलाकर चालक और सहायक परिचालक को गर्मी से थोड़ा आराम मिल रहा है।

बिलासपुर स्टेशन में पहली बार किया गया ऐसा कार्य

# यात्रियों को दिए गए ओआरएस पैकेट, लोगों ने की सराहना

**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में बिलासपुर रेलवे ने एक अच्छी पहल की शुरूआत की है। स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को राहत देने के लिए ओआरएस का पैकेट देना शुरु कर दिया है, ताकि यात्रियों को गर्मी में किसी तरह की परेशानी न हो सके। बिलासपुर स्टेशन में इसकी शुरुआत पहली बार हुई है, जिसमें यात्रियों ने भी रेलवे के इस कार्य की सराहना की है।

पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी के साथ मौसम ने भी अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। सुबह से ही भीषण गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर हो जाते हैं। शहर के अंदर दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग अपने मुंह पर कपड़े बांधकर निकलते हैं। भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी ट्रेनों में सफर करने वाले और प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों को होती है। ट्रेनों के एसी कोच को छोड़कर जनरल और स्लीपर कोच के अलावा प्लेटफार्म पर लगे शेड दोपहर की तेज धूप में काफी गरम हो जाते हैं। इसकी वजह से स्टेशन प्लेटफार्म के नीचे खड़े होना और स्लीपर, जनरल कोच में सफर करना भी मुश्किल है।

## हास्पिटल से सप्लाई

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में यह पहली पहल है, जिसके तहत स्टेशन में आने-जाने वाले यात्रियों के अलावा ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को ओआरएस का पैकेट बांटा जा रहा है। ओआरएस की सप्लाई हास्पिटल से हो रही है। यह एक अच्छी पहल है, जिससे यात्रियों को भी भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिल जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

विदेशी विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में पढ़ने बढ़ा रुझान

# छत्तीसगढ़ का नालंदा बनेगी डॉ. सीवी रमन यूनिवर्सिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय अब भारत का नालंदा बनने जा रहा है। डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में दुनिया के कई देशों के विद्यार्थी पढ़ने आ रहे हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय में वैश्विक स्तर की सुविधा, वैश्विक बाजार के अनुरूप स्किल कोर्सेज तैयार किए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को भूटान के शैक्षणिक दल ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया है।

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि डॉ सीवी रमन विवि वैश्विक स्तर पर कार्य कर रहा है। इसके लिए पिछले कई वर्षों से विवि के डेलिगेट्स विदेश के विवि और शैक्षणिक संस्थानों में भ्रमण कर चुके हैं। बीते साल फॉरेन डेलिगेशन ने ऑस्ट्रेलिया, भूटान, बांग्लादेश, मॉरीशस सहित कई देशों में भ्रमण किया था। इस दौरान वहां के व्यापार, रोजगार, उद्यम, कौशल विकास की जानकारी ली गई। इस आधार पर विश्वविद्यालय में भी पढ़ाई कराई जा रही है। इसे लेकर अब विदेशी छात्र भी डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में पढ़ने आ रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को भूटान के शैक्षणिक दल ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया है। डेलिकेट्स में पुंतोशो, रिमझिन, संजेय, ढेकी, ताशी, कर्मा भूटान टिनफो से शामिल हुए। डॉ सीवी रमन विवि हजारीबाग के समकुलपति गौरव शुक्ला, एडमिशन डायरेक्टर देवेंद्र यादव प्रशासनिक अधिकारी सहित प्राध्यापक शामिल थे।

## 50 हज़ार से अधिक विद्यार्थी भारत में करते हैं पढ़ाई

विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने बताया कि भारत में विदेशी विद्यार्थियों की संख्या लगभग 46 हजार है, जो 2021-22 में थी। इनमें से अधिकांश विद्यार्थी नेपाल, अफगानिस्तान, संयुक्त राज्य अमेरिका, बांग्लादेश, यूएई और भूटान से आते हैं। वर्तमान में यह आंकड़ा 50 हजार से अधिक है। हमारा विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ ही नहीं, मध्य भारत का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। इसलिए यहां विदेशी छात्र पढ़ने में अधिक रुचि ले रहे हैं।

## विदेशी छात्रों के लिए घरेलू वातावरण

विवि के कुल सचिव डॉ तिवारी ने कहा कि डा सीवी रमन विश्वविद्यालय विदेश में छात्रों को उनके लिए घरेलू वातावरण और सुविधा मुहैया करा रहा है।

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, जिला- मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक/वा./अति.कले./2025/2116
मुंगेली, दिनांक 09.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम तुमाढेटा तहसील सरगॉव जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता प्रभातचन्द्र वर्मा अन्य 01, निवासी मसानगंज, आजाद नगर, बिलासपुर छ.ग. द्वारा ग्राम तुमाढेटा तहसील सरगॉव स्थित भूमि कुल खसरा नम्बर 11 कुल रकबा 10.4280 हे. भूमि पुनरीक्षण आवेदन पत्र अंतर्गत धारा- 50 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 विरूध्द अधीनस्थ न्यायालय के आदेश दिनांक 28.11.2024 के विरूध्द इस न्यायालय में पुनरीक्षण आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं अनावेदक श्रीमती सपना दुबे पत्नि धीरज दुबे, श्री समीर तिवारी आ. श्री कान्त तिवारी, श्रीमती सोनम तिवारी पत्नि राकेश अग्रवाल, प्रकाश कुमार वर्मा आ. स्व. जगन्नाथ प्रसाद वर्मा, निवासी पचरी घाट, किराना दुकान के सामने वाली गली, जूना बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग. उपरोक्त न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर में पुनरीक्षण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में अनावेदक क्रं. 03 प्रकाश चन्द्र वर्मा आ. जगन्नाथ प्रसाद वर्मा, निवासी पचरी घाट, किराना दुकान के सामने वाली गली, जूना बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. सहित किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति पत्र/जवाब स्वत:/ विधि मान्य अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में सूचना पत्र प्रकाशन के 15 दिवस पेशी दिनांक 28.04.2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण में पेशी दिनांक 28.04.2025 नियत है।

ईश्तहार आज दिनांक 07.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त कलेक्टर**
**जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार कमल किशोर गुप्ता द्वारा अधिकृत होकर एवं उनके निर्देशानुसार निम्न आशय की आम सूचना सर्व साधारण को प्रेषित करता हूँ :

यह कि मेरे पक्षकार ने त्रिवेन्द्र नाथ कोरी एवं रविन्द्रनाथ कोरी दोनों पिता स्व. भोलादास कोरी वगैरह से उनके हक, स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि मय मकान खसरा नंबर 150/16, 150/33 कुल खसरा नंबर 02 रकबा 0.02 एकड़ (0.0008 हेक्टेयर) भूमि जो कि मौजा जूना बिलासपुर, प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित है, उसे भूमि स्वामियों के प्रस्ताव पर क्रय करने का मौखिक अनुबंध कर भूमि स्वामियों को बतौर बयाना राशि 12,50,000/- रूपये अदा कर दिया है जिसका निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के पक्ष में रजिस्ट्री किया जाना शेष है, किन्तु विश्वस्त सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हुई है कि मूलभूमि स्वामीगण मेरे पक्षकार के साथ अनुबंधित भूमि एवं मकान को अधिक रकम प्राप्त करने के लालच से किसी अन्य व्यक्ति को उपरोक्त भूमि का रजिस्ट्री करने का प्रयास कर रहे हैं। उपरोक्त भूमि मेरे पक्षकार से अनुबंधित है।

अत: कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय प्रश्नाधीन भूमि एवं मकान का सौदा, विक्रय पत्र पंजीयन अथवा किसी भी प्रकार का दस्तावेज त्रिवेन्द्र नाथ कोरी, रविन्द्रनाथ कोरी या किसी भी अन्य सह- खातेदारों से न करें, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय द्वारा उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र, अनुबंध पत्र अथवा अन्य दस्तावेज निष्पादित कराया जाता है तो उसे झूठा व अवैध समझा जावेगा। यदि किसी भी प्रकार की आपत्ति किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक को हो तो अपनी आपत्ति आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रस्तुत करें अवधि बाधित आपत्ति मान्य नहीं होगी। अस्तु सूचना सादर संप्रेषित।

दिनांक : 17/04/2025

**भवदीय**
**कमल किशोर सिंह (अधिवक्ता)**
**अशोक नगर सीपत रोड**
**बिलासपुर (छ.ग.) मो.9827180209**

19-APR--REGNOL--pg-3 -COMMAN_Layout 1 4/19/2025 11:41 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### अभिनव, प्रियांशु ने किया जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई



**मुंगेली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स 2025 के सेशन फर्स्ट एवं सेशन सेकेण्ड दोनों परीक्षा के आधार पर (दोनों में श्रेष्ठ) अंतिम परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दी गई है। इसके साथ ही जेईई एडवांस के लिए कटआफ भी जारी कर दिया गया है। एडवांस की परीक्षा आगामी 18 मई को संभावित है। विदित हो कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ से संबद्ध डॉ. ब्रॉस मास्टर की एकेडमी द्वारा जेईई, नीट, सीयुईटी, बीएससी नर्सिंग तथा व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग दी जा रही है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणित संकाय के छात्र अभिनव दिवाकर एवं प्रियांशु दिवाकर दोनों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। गवर्नमेंट एम्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन (गेवा) के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग एवं बसंत बंजारे द्वारा सफल छात्रों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

### श्रमदान कर तलाब की तस्वीर बदलने एकजुट हुए लोग



**बोदरी।** ग्राम पंचायत हरदीकला टोना मे अनेक तलाब हैं, जिसमें पनखतिया तलाब प्रमुख है। चूंकि यहां शितला माता का मन्दिर एवं मुक्तिधाम है, जहां पर सभी सुख-दुख के कार्यक्रम में लोगों का आना-जाना लगा रहता है, ऐसे में यह गांव का प्रमुख तालाब है। तालाब में विगत कुछ वर्षों से जलकुंभी का प्रकोप इतना ज्यादा बढ़ गया है, कि यहां नहाना तो दूर मंदिर में चढ़ाने के लिए एक लोटा जल भी निकालना मुश्किल हो गया है। इसको ध्यान में रखते हुए देवी प्रसाद कौशिक के मार्गदर्शन में गांव के लोग 28 दिनों से एकजुट होकर सुबह 6 से 8 बजे तक श्रमदान कर रहे हैं। देवी प्रसाद कौशिक का कहना है कि इस माह के अंतिम दिन तक पूरा हो सकता है। इस काम में मुख्य रूप से देवी प्रसाद कौशिक, अनिल आहेर, धमेद्र धुव, बलराज कौशिक, निखिल कौशिक, विष्णु साहू एवं गाँव के सभी लोगों का अच्छे से सहयोग मिल रहा है।

### राशन दुकानों में उपभोक्ताओं के साथ खेल

**मोपका।** छत्तीसगढ़ शासन की ओर से स्व सहायता समूह के माध्यम से लोगों को राशन



सामग्रियां बेचने के लिए खोली गई दुकान में उपभोक्ताओं के साथ गड़बड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। लोगों को 35 किलो चावल मिलता है, जिसमें लगभग 1 किलो बोरी का वजन भी शामिल है। इसी प्रकार 17 रुपए किलो में बिकने वाली शक्कर को 20 रुपए में बेचा जा रहा है। प्रत्येक राशन दुकानों से हजारों लोग राशन सामग्रियां लेते हैं, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उपभोक्ताओं को कितना चूना लगाया जा रहा है। मामले की शिकायत खाद्य विभाग से की जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चूंकि मामला संदिग्ध है और इसमें अधिकारियों की संलिप्तता की भी आशंका है, लिहाजा इन दुकानदारों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है। यहीं कारण है कि दुकानदारों हौसले बुलंद हैं एवं धड़ल्ले से उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है।

### जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार ने किया आवास सर्वे



**बोदरी।** ग्राम पंचायत बरतोरी में 'मोर आवास मोर अधिकार मोर दुवार साय सरकार' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक शामिल हुए। इस अवसर पर कौशिक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट हर घर पक्का मकान के लोगों को आवास दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष ने आवास सर्वे कर संतोषी देवार, आरती देवार, जमुना ध्रुव, पूनम देवार के घर जाकर ऑनलाइन फॉर्म अपलोड किया।इस अवसर महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पर महिलाओं ने रंगोली बनाई। कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मण यादव पूर्व सभापति, अमरीका मनहरण नेताम सरपंच, बीईओ सुनीता ध्रुव, गंगे निर्मलकर सचिव, नरेश जायसवाल मिडिया प्रभारी भाजयुमो, निशांत यादव, शिवकुमारी सोनवानी, सोनू पांडे, हेमंत वैष्णव, दुर्गेश कौशिक, लोमश कौशिक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत किया सर्वेक्षण

# सभी पात्र हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा पक्का मकानः साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विकासखंड के ग्राम नारायणपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए चलाए जा रहे विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत जारी सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राही के घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से सर्वेक्षण किया।

- नारायणपुर गांव में लाभार्थी को कराया गृह प्रवेश

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने ग्राम नारायणपुर में रामकुमार साहू को आवास योजनांतर्गत नवनिर्मित मकान का रिबन काटकर विधिवत गृह प्रवेश कराया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप हर गरीब को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का संचालन किया जा रहा है।




पीएम आवास के हितग्राहियों के साथ डिप्टी सीएम।

### डिजिटल शिक्षा को बढ़ाने हो रहा प्रयास

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयास किया जा रहा है। आरओ फाउंडेशन और एचडीएफसी के सहयोग से स्मार्ट क्लास की यह पहल विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज के समय गांव के बच्चों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा मिले, इसके लिए पहल की जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना पर आरओ फाउंडेशन और एचडीएफसी के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

### बैगाकापा में स्मार्ट क्लासरूम का शुभारंभ

डिप्टी सीएम श्री साव ने विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैगाकापा में स्मार्ट क्लासरूम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया और तकनीकी उपकरणों की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने बच्चों से चर्चा करते हुए कहा कि यह स्मार्ट क्लासरूम आप लोगों के लिए बना है, सभी विद्यार्थी इसका सदुपयोग करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने स्मार्ट क्लासरूम के शुभारंभ के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक उपस्थित रहे।



## गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक धरमलाल

**बिल्हा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जनता को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 8 से 22 अप्रैल तक पोषण का पखवाड़ा आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा की ओर से दगौरी में महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बिल्हा विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, जपं अध्यक्ष डॉ रामकुमार कौशिक, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति डॉक्टर गोविंद यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर धरमलाल कौशिक ने नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन कर उनके स्वस्थ जीवन की कामना क। साथ ही उन्होंने गर्भवती माताओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद मातृत्व की कामनाएं की। श्री कौशिक ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली और चित्रकला का अवलोकन कर उन्हें सम्मानित किया।

परियोजना अधिकारी विद्या पांडे ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कुपोषण को दूर करने एवं बच्चे व महिलाओं को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा बृजभूषण वर्मा, मंडल अध्यक्ष उमाशंकर कश्यप, इंद्रजीत क्षत्रिय, घनश्याम कौशिक, सौरभ कौशिक जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी एस पोयम, बीईओ ध्रुव मैडम, पर्यवेक्षक बरखा गुप्ता एवं सरपंच सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### करनकापा में श्रीकृष्ण लीला, झूमे श्रद्धालु

**तखतपुर।** ग्राम खम्हरिया करनकापा में श्रीकृष्ण लीला का आयोजन किया गया, जिसमें अभिनय करने वाले श्रीकृष्ण लीला मंडली के निदेशक जगदीश साहू व उनके साथी कलाकारों को शाल, श्रीफल व राशि से सम्मानित किया गया। श्रीकृष्ण लीला के पहले दिन कंस की कथा का मंचन किया गया एवं कंस के अत्याचारों व उसके वध के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शशि कश्यप, लक्ष्मीकान्त लिप्पा कश्यप, रामायण गिरी गोस्वामी, परमेश्वर साहू, तेरस ढीमर, प्रदीप पाली, दिलहरन साहू, कमलेश यादव, तिरीथ राम साहू, लिप्पु यादव, रोहित कश्यप ,संतोष गोस्वामी, तरुण कश्यप, तेरस ढीमर ठेकेदार, नरेश दास मानिकपुरी,अजय कश्यप, बंटी कश्यप, बुद्धू यादव ,छबि रजक सहित अन्य का योगदान रहा।



### पोषण पखवाड़ा खेल दिवस के तहत सायकल रैली



**सीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत परियोजना अधिकारी मीना उपाध्याय, पर्यवेक्षक दीक्षा शर्मा के मार्गदर्शन में 18 अप्रैल को खेल दिवस का आयोजन किया गया। बच्चों में खेल के प्रति रुचि जगाने व उत्सुक करने के लिए सायकल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए इस आयोजन को जरूरी बताया गया। बच्चों ने बड़ी उत्सुकता के साथ आयोजन में भाग लिया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जंत्री केशर, सविता कौशिक, मधु गुप्ता, रूखमणी महंत, चंद्रप्रभा वंशकार, ईश्वरी दरवे, सुरेखा कुंभकार उपस्थित रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने सीएम साय व तोखन को निमंत्रण

**पेंड्रा।** ग्राम नवापारा बचरवार में टीरुराम भरिया की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा यज्ञ का आयोजन 22 से 28 अप्रैल तक किया जा रहा है। 22 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं देव पूजन किया जाएग, इसके पश्चात कथा का शुभारंभ होगा। कथा व्यास स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज अपनी सुमधुर वाणी से कथा का वाचन कर प्रभु का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिदिन आदिवासी समाज सहित अन्य समाजों की धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियों का आगमन होगा। इसी क्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सहित अन्य लोगों को निमंत्रण भेजा गया है। श्रीमद भागवत कथा का समय प्रतिदिन 3 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। कथा के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।



### तनाव का मुख्य कारण है नकारात्मक विचार




**मुंगेली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा 17 अप्रैल को शिक्षक नगर अम्बेडकर वार्ड के मानस भवन में 4 दिवसीय आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी राजयोग शिविर का आयोजन किया गया। मुंगेली सेंटर प्रमुख संचालिका राजयोगिनी बीके सीमा बहन व अतिथिगण पार्षद विजय लक्ष्मी शुक्ला, शिक्षक प्रभाकांत शर्मा, तरुण किशोर सिंह ठाकुर, हरि कपूर सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, अर्पणा सोनी एवं सुमन, रिंकी, प्रमिला, गुड्डू, रामावतार, राधे एवं वार्डवासी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शिविर के प्रथम दिवस पर सीमा ने आत्मा व परमात्मा का परिचय देते हुए कहा कि आज मनुष्य तनावपूर्ण जीवन व्यतीत डिप्रेशन के शिकार हो रहे है, तनाव का मुख्य कारण है हमारे मन के व्यर्थ विचार नकारात्मक विचार आप और हम इस सहज राजयोग के अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन सहज प्राप्त कर सकते है। इस शिविर का उद्देश्य ही तनावमुक्त जीवन एवं सच्ची सुख-शांति सहज ही प्राप्त कर सकते है।

## हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सुपारी लेकर हत्या करने का प्रयास करने वाले 6 महीने से फरार अज्ञात आरोपी को पुलिस ने मध्यप्रदेश डिंडौरी के समनापुर से गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 118(1), 61(2), 109(1) बीएनएस अपराध पंजीबद्व था।

नगर के शंकर वार्ड निवासी प्रार्थियां रितिका केशवानी पति स्व महेश केसवानी उम्र 45 साल ने 5 अक्टूबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 अक्टूबर 2024 को रात्रि करीबन 8.10 बजे प्रार्थियां अपनी भाभी पूनम रूपवानी के साथ अपनी एक्टिवा से परिचित सूरज मंगलानी के घर से अपने घर आ रही थी। घटना स्थल एआरसी स्कूल मुंगेली के आगे पहुंची थी कि उसी समय एक अज्ञात व्यक्ति पुरानी मोटर सायकल में नीली टी-शर्ट पहने चेहरे में नकाब बाधा हुआ आया और प्रार्थियां के गले को किसी धारदार वस्तु से मारा तो गले में गहरा चोट आया। प्रार्थियां के लिखित रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 118(1), 61(2), 109(1) बीएनएस अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर 6 महीने से फरार आरोपी के संबंध में पता तलाश करते रहे। संदेही दिलीप रेलवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 7-8 माह पूर्व इसके मामा का लडका राजकुमार निवासी समनापुर द्वारा मुझे अपने छोटे भाई महेश केसवानी की पत्नी रितिका केसवानी जो वर्तमान में अपने मायके मुंगेली में रहती है। जिसकी हत्या करने हेतु सुपारी 5 लाख रूपये में सौदा कर अलग अलग तीन किस्तो में 1 लाख रूपये दिया और शेष राशि 4 लाख रूपये को मृतका के हत्या के बाद देने बात होने पर आरोपी समनापुर (म.प्र.) से तीन बार मुंगेली आया। रितिका केसवानी के हत्या करने का मौका देख रहा था और 4 अक्टूबर 2024 को रात्रि करीबन 8 बजे रायपुर रोड कॉलेज के सामने अपनी मोटर सायकल यामहा से नकाब पहनकर गया। रितिका केसवानी की हत्या करने के नियत से थर्माकोल कटर से उसके गले में मारकर चोट पहुंचाकर मौके से भाग गया। थर्माकोल कटर को नवागढ़ रोड ठक्कर बाबा वार्ड मुंगेली मोड के पास एवं अपने नकाब एवं गमछा को मुंगेली रोड के आगे नदी में फेंक कर अपने गांव वापस समनापुर (म.प्र.) चला जाना बताया।

जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी दिलीप रेलवानी पिता किशन रेलवानी उम्र 27 साल निवासी वार्ड क्रमांक 17 स्मार्ट सिटी रोड नवीन सुपर मार्केट के सामने नेहरू नगर बिलासपुर हाल मुकाम दुर्गा चौक के पास पटवारी लाईन समनापुर जिला डिडौरी (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं थर्माकोल कटर (ब्लेड) को जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

### लावारिस हालत में निला नवजात का शव, पुलिस जांच में जुटी

**लोरमी।** ग्राम ढोलगी में लावारिस हालत में एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल की तड़के सुबह ग्राम ढोलगी के स्कूलपारा स्थित विवाह घर पीछे पैरावट में एक नवजात शिशु का शव लावारिस हालत में मिला। ग्रामीणों ने बताया कि नवजात शिशु देर रात पैदा हुआ जो मृत अवस्था मे पड़ा था। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि जिस घर की बाड़ी की पैरावट के पास अज्ञात नवजात का शव मिला है, उस घर में एक दिन पूर्व ही विवाह का कार्यक्रम शुरू हुआ था। नवजात शिशु किसका था, यह पता नहीं चल पाया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची एवं पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया। अखिलेश वैष्णव, थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अज्ञात शिशु मामले में मर्ग कायम कर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ली जायेगी।

### बारातियों ने गेट तोड़ कर बाइक को किया क्षतिग्रस्त, जुर्म दर्ज

**लोरमी।** वार्ड क्र 11 के रानीगांव मोहल्ले में विवाह कार्यक्रम के दौरान बारातियों ने शासकीय कर्मचारी के घर पर ईंट व पत्थर से हमला कर मेन गेट एवं दरवाजे में जमकर तोड़ फोड़ की। साथ ही बदमाशों मे घर के बरामदे में खड़ी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया एवं जमकर हंगामा मचाया। मामले की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर वीडियो फुटेज के पर आरोपियो तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 11 निवासी श्रवण कुमार ध्रुव ने थाने में शिकायत दर्ज कि शुक्रवार की देर रात मोहल्ले में विवाह समारोह था, जिसमें बाराती गाली-गलौच कर विवाद कर रहे थे। इससे परेशान होकर श्रवण कुमार बारातियों को मना करने घर से बाहर निकले, जिससे वे लोग भड़क गए उनके मकान का मुख्य गेट को तोड़कर अंदर घुस गए एवं दरवाजे पर ईंट, पत्थर से हमला कर दिया। साथ ही बदमाशों ने बरामदे में रखी बाइक में तोड़फोड़ कर उसे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ति ने शिकायत में उक्त बरातियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

Care N Cure
केयर एन क्योर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
वरदान टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
पुराना प्रताप टॉकीज, प्रताप चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
आपके अपने शहर में आयुष्मान कार्ड द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY

न्यूरोलॉजी
- दिमाग के नसों का फटना या सूख जाना (ब्लीडिंग या क्लॉटिंग)
- लकवा , मिर्गी और लंबे समय तक सिरदर्द
- मस्तिष्क के संक्रमण मेनिन्जाइटिस और इनसेफेलाइटिस

न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी
- मस्तिष्क की चोट, रीढ़ की हड्डी की चोट, साइटिका (पीठ दर्द)
- मस्तिष्क की नस का फट जाना और हाइड्रोसेफेलस

लीवर एवं गैस्ट्रो सर्जरी
- लीवर फेल्योर (स्पअमत थ्मसनतम) और संक्रमण
- शराब के कारण लीवर और पेट में होने वाली समस्याएं
- हेपेटाइटिस वायरस, फैटी लीवर डिजीज
- लीवर से संबंधित हाथ और पैर में सूजन

यूरोलॉजी
- किडनी, मूत्रनली, पेशाब की थैली की पथरी का दूरबीन पद्धति द्वारा इलाज
- प्रोस्टेट की सर्जरी, मूत्र नली का गंभीर संक्रमण और रुकावट

ऑर्थोपेडिक जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं ट्रॉमा
- सभी प्रकार के सामान्य एवं गंभीर फ्रैक्चर का इलाज
- जॉइंट रिप्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध
- आर्थ्रोस्कोपी द्वारा घुटने की चोटें ACL, PCL, MCL और स्पोर्ट्स इंजरी का इलाज

स्त्री रोग विभाग
- नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बच्चेदानी की गाँठ एवं कैंसर से संबंधित समस्त रोगों का इलाज (लेप्रोस्कोपी द्वारा)
- निःसंतान दंपत्तियों के लिए सामान्य और आधुनिक गर्भधारण तकनीक, IUI और टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) की जाँच और इलाज की सुविधा।

क्रिटिकल केयर
- शरीर के गंभीर संक्रमण
- सांस लेने में तकलीफ, अस्थमा, copd, respiratory failure
- वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध HFNC
- सभी गंभीर रोग एवं उनसे उत्पन्न जटिलताओं का इलाज

रेडियोलॉजी
- साधारण एवं स्पेशलाइज्ड X-ray
- सोनोग्राफी
- सीटी स्कैन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- एपेंडिक्स, हर्निया और गॉलब्लैडर का दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
- पाइल्स (बवासीर) और डायबिटिक फुट का आधुनिक इलाज
- स्तन की सामान्य गाँठ एवं कैंसर की गाँठ का इलाज

किडनी रोग
- किडनी से संबंधित बीमारियों का इलाज
- डायलिसिस की सुविधा
- परमाकैथ (Permacath) और AV फिस्टुला की सुविधा

CSPDCL Coal India Indian Railways
जब भी हो कोई इमरजेंसी, हमें कॉल करें!
AMBULANCE
9301611022, 7697030000

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 20 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



स्पोर्ट्स

## विधायक अमर से पावरलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने की मुलाकात



**बिलासपुर।** संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन (एसबीकेएफ) इंटरनेशनल गेम्स 2025 के द्वारा नेपाल के पोखरा स्थित रंगशाला स्टेडियम में 22 खेलों का महाकुंभ का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग के चार खिलाड़ियों का चयन पावर लिफ्टिंग में हुआ था, जिसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं भारतीय कोच के रूप में नियुक्त उत्तम कुमार साहू , कुमारी मेघा भगत, श्रीवर्धन श्रीवास्तव एवं प्रियांशु मानिकपुरी ने चार स्वर्ण पदक जीत कर छत्तीसगढ़ राज्य एवं बिलासपुर संभाग का मान सम्मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों ने नगर विधायक अमर अग्रवाल से मुलाकात की। श्री अग्रवाल ने खिलाड़ियों से हाल-चाल जाना एवं बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अजीत भोगल उपस्थित थे। वे युवा खिलाड़ियों का लगातार प्रतिनिधित्व एवं मार्गदर्शन करते आ रहे हैं।

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में अंडर-7, अंडर-9 एवं अंडर-11 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन सीएमडी स्थित इंडोर गेम्स एकेडमी में किया गया। जिसका उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली बाल शतरंज खिलाड़ियों को मंच देना था। एक दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जो फिडे के नियमों के



अनुसार चार चक्रों में संपन्न हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने न केवल अपनी शतरंज कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन, धैर्य और रणनीतिक सोच के स्तर पर भी सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में इंडोर गेम्स एकेडमी एवं वरिष्ठ समाजसेवी संदीप गुप्ता ने प्रतिभागियों से कहा कि शतरंज एक ऐसा खेल है जो केवल चालों का नहीं, बल्कि सोच का खेल है। जो बच्चा नियमित अभ्यास करता है, समय का पालन करता है और पूरे समर्पण से अपने लक्ष्य पर केंद्रित होता है, वही खिलाड़ी जीवन में भी जीतता है। उन्होंने कहा कि आज के युग में जब बच्चों का ध्यान मोबाइल और सोशल मीडिया की ओर बढ़ता जा रहा है, ऐसे में शतरंज जैसे खेलों से उनका मानसिक विकास, एकाग्रता और धैर्य में अत्यधिक वृद्धि होती है। बिलासपुर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। खेल, विशेषकर शतरंज, बच्चों के मानसिक संतुलन, रणनीतिक सोच और आत्म-विश्वास को निखारते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें और उनका मनोबल बढ़ाएं।

आयोजन

## डॉ त्रिपाठी को मिला 3 स्टार क्लब प्रेसीडेंट अवार्ड



**बिलासपुर।** जबलपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉफ्रेंस में लायंस क्लब वसुंधरा को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एमजेएफ सुधीर जैन के हाथों कई महत्वपूर्ण पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वसुंधरा की अध्यक्ष डॉ शोभा त्रिपाठी को 3 स्टार क्लब प्रेसीडेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके अच्छे कार्यो को देखते हुए उन्हें एलबम एवं स्क्रेप बुक चयन समिति के सदस्य का कार्यभार भी सौंपा गया। डॉ त्रिपाठी के सत्र की सराहना करते हुए डिस्ट्रिक्ट ने क्लब वसुंधरा को विभिन्न सेवा कार्यो के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एमजेएफ रश्मि लता मिश्रा को सर्वश्रेष्ठ डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन अवार्ड, एमजेएफ लायन संजना मिश्रा को एमजेएफ का अवार्ड, कोषाध्यक्ष सुधा परिहार को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष अवार्ड, वसुंधरा को क्लब एक्सटेंशन,आउट स्टैंडिंग स्क्रेप बुक, फोटो एलबम, सर्विस एक्टिविटी कैंसर अवेयरनेस नेत्र जांच शिविर, स्वास्थ्य शिविर, क्लॉथ डिस्ट्रीब्यूशन, सिग्नेचर एक्टिविटी, पीस पोस्ट कंटेंट्स, 15 शिक्षकों का सम्मान, सेवा गतिविधि, 350 वृक्षारोपण व उसका संरक्षण, भूखे को भोजन खिलाना, फूड फॉर हंगर सेवा एवं ब्लड डोनेशन हेतु क्लब सचिव अर्चना तिवारी को सर्वश्रेष्ठ रक्त वीरांगना अवार्ड से सम्मानित किया गया। बैनर प्रेजेंटेशन एवं शानदार ड्रेस कोड हेतु सर्टिफिकेट में विनीता मिश्रा, मंजू मिश्रा, मंगला कदम, उषा मुदलियार ने अपना सहयोग दिया।

# श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा प्रकाश पर्व

दयालबंद स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सिख धर्म के पांचवे गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा में साहिब कीर्तन के लिए विशेष तौर पर दरबार सजाया गया है। लुधियाना से आए अमनदीप सिंह सुबह और शाम अपने रसमयी कीर्तन के माध्यम से संगतों को गुरु चरणों से जोड़ रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिख धर्म के पांचवे गुरु अर्जुन देव जी को शहीदों का सरताज के नाम से जाना जाता है। वे आदि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के रचयिता भी है। दयालबंद स्थित गुरुद्वारा में प्रति वर्ष बड़े ही श्रद्धा भाव से प्रकाश पर्व मनाया जाता है। रविवार 20 अप्रैल को गुरु अर्जुन देव जी के प्रकाश पर्व की कड़ी में सुबह 5.30 बजे नाम सिमरन का विशेष दीवाना सजाया जाएगा। वहीं शाम को भी विशेष दीवान का आयोजन होगा। इस अवसर पर विशेष तौर से आए हुए रागी जत्था द्वारा कीर्तन दीवान एवं हेड ग्रंथी मानसिंह द्वारा कथा विचार की जाएगी। जिसका समापन रात्रि 9.30 बजे की जाएगी। कथा विचार के बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सभी सदस्य, पंजाबी युवा समिति, पंजाबी सेवा समिति, पंथ प्रचारक कमेटी, खालसा सेवा समिति, पंजाबी क्रिकेट क्लब, अकाल विंग समिति, गुरु तेग बहादुर साहिब समिति, स्त्री सत्संग आदर्श महिला समिति, श्री सुखमणि साहिब सर्कल, गुरमत ज्ञान संस्था आदि सहयोग कर रहे हैं।

## आगे बढ़ने हमेशा रखें सकारात्मक सोच



बंगाली महिला संगठन ने अपना पहला बैशाख बंगला नववर्ष उत्साह से मनाया। इस दौरान उपस्थित मेंटर गुरु श्री राजेश पांडेय ने कहा कि हमारा वर्तमान जीवन हमारे पिछले सोच का नतीजा होता है। सकारात्मक सोच हो तो इंसान निरंतर आगे बढ़ता चला जाएगा।

**बंगाली महिला संगठन ने मनाया बंगला नववर्ष, किया मेंटर गुरु का सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेंटर गुरु श्री पाण्डेय ने कहा कि बाहरी दुनिया हमारी अंदरूनी दुनिया का आईना है। जैसे-जैसे हम अपने भीतर को सुधारते जाते हैं, वैसे-वैसे हमारी बाहरी दुनिया सुधरती जाती है। हम जैसे सोचने का ढांचा बनाते है हमारी परिस्थिति, लोग वैसे ही बदलते जाते हैं। हम नई सोच स्वयं निर्मित कर परिस्थिति बदल सकते हैं। आखिर हम स्वयं अपने जीवन के मालिक है। उक्त परिचर्चा में संगठन की महिलाओं ने कुछ प्रश्न रखे। जिसका श्री पाण्डेय ने संतोषजनक जवाब दिया। कोषाध्यक्ष शम्पा दत्ता ने वार्षिक लेखा जोखा का हिसाब रखते हुए सालाना शुल्क जमा कर सदस्यों का धन्यवाद दिया। उनके इस कार्य में संस्था की उपाध्यक्ष लीना बनर्जी ने सहयोग दिया। अंत में अतिथि मेंटर गुरु को शॉल, श्रीफल देकर अभिवादन किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की संस्थापिका अध्यक्ष नमिता घोष ने किया।

### संस्था की गतिविधि को लेकर हुई चर्चा

कार्यक्रम में संस्था की गतिविधि को लेकर चर्चा की गई। संस्था के सचिव पद पर सीनियर सक्रिय सदस्य अनिता गोलदार को मनोनीत किया गया। श्रीमती गोलदार ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में 31 वर्ष पुरानी इस सक्रिय, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था के गठन से लेकर आज तक की महत्वपूर्ण उद्देश्यों सिद्धांतों एवं कार्यक्रमों को जारी रखते हुए भविष्य में सभी को साथ लेकर चलने की शपथ ली।

कार्यकम में उपाध्यक्ष लीना बैनर्जी, शिवली घोष, श्रीलेखा बेनर्जी, हंशी बेनर्जी, सीमा सेनगुप्ता सास्वती मजूमदर, वंदना राय, पृथा सील, देबोश्री मजूमदार, शिबानी चक्रबर्ती, श्यामा सरकार, मोनिका घोष, वंदना मजूमदार, इंद्राणी राय, रूपा राहा, जयश्री भट्टाचार्य, प्रोतिमा पाल उपस्थित रहे।

## सिरगिट्टी शुभम विहार में सोलापुरी माता पूजा उत्सव

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी शुभम विहार में आयोजित सोलापुरी माता पूजा उत्सव में श्री श्री सोलापुरी माता पूजा समिति ने लक्की ड्रा के विजेताओं को इनाम देकर सम्मानित किया। लकी ड्रा के विजेताओं में प्रथम विनीता सीता विहार सिरगिट्टी, द्वितीय श्रीमती पी. राजेश्वरी अन्नपूर्णा कॉलोनी, तृतीय श्रीमती एस. शिल्पी भार्गव वाटिका सिरगिट्टी, चौथे स्थान पर प्रमिला गोविंद नगर सिरगिट्टी रही। वहीं कुमकुम पूजा में प्रथम मंजूषा पटेल आयुष पैलेस शुभम विहार, द्वितीय श्रीमती जी. पार्वती गोविंद नगर सिरगिट्टी, तृतीय सूर्या प्रभा रुचिका विहार सिरगिट्टी, श्रीमती पी. हरम्मा विशाखापटनम आंध्रा प्रदेश, पंचम पुरस्कार एस सूर्या कुमारी शुभम विहार सिरगिट्टी शामिल रहीं। इन्हें अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया।

### लकी ड्रा के विजेताओं का इनाम देकर सम्मान



## हनुमान मंदिरों में अंजनी पुत्र की विशेष पूजा

**बिलासपुर।** शनिवार को शहर के हनुमान मंदिरों में अंजनी पुत्र हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना की गई। दर्शन पूजन करने हनुमान भक्तों की भी देर रात तक आना-जाना लगा रहा। श्री बजरंग भक्त मंडली ने जरहाभाठा में भव्य पूजा, आरती की। इसमें आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेंद्र तिवारी भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम रेखेंद्र तिवारी एवं कार्यक्रम के आयोजक मनोज यादव ने श्री हनुमान की विधिवत पूजा, आरती की। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री तिवारी ने हनुमान की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि हनुमानजी को बल एवं बुद्धि का दाता माना जाता है। सनातन धर्म में हनुमान जन्मोत्सव पर्व का विशेष महत्व है। श्री हनुमान के नाम का जाप ही अत्यंत पवित्र एवं प्रभावशाली होता है। ऐसी मान्यता है कि श्री हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड के पाठ मात्र से पूरी रामायण पाठ के जितना पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने सनातन धर्म को मजबूत बनाने एवं सामाजिक एकता बनाए रखने हेतु इस तरह के धार्मिक आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस अवसर पर बृजभान सिंह ठाकुर, प्रशांत द्विवेदी, विनय विश्वकर्मा, अक्षत तिवारी, देवेंद्र ठाकुर, अविनाश हुमने, सुशील तिवारी, राहुल यादव, शैलेंद्र यादव, संजीव चौहान, रोहन यादव, विजय सागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मंगलवार व शनिवार हनुमान भगवान का वार रहता है, इसलिए इस दोनों दिन हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रहती है।



हर मंगलवार व शनिवार को उमड़ती है भक्तों की भीड़

सीयू में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

# संगोष्ठी में 3 देशों के 5 विषय विशेषज्ञ व 56 प्रतिभागी हुए शामिल

कार्नर न्यूज

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई है। इसकी थीम रीसेटिंग इंडियाज एंगेजमेंट इन सेंट्रल एशिया फ्राम सिम्बोल टू सब्सटेंस है। संगोष्ठी में 3 देशों के 5 विषय विशेषज्ञ व देश-विदेश के 56 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस दौरान अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी की स्मारिका का विमोचन हुआ।




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह के मुख्य संरक्षक एवं कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि मध्य एशिया सहित वैश्विक पटल पर भारत की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के साथ ही सैन्य व बौद्धिक शक्ति से संपन्न राष्ट्र है। विशिष्ट अतिथि यूरेशियन नेशनल यूनिवर्सिटी कजाकिस्तान की पूर्व वाइस रेक्टर प्रो. एकबोटा झोलडास बेकोवा ने कहा कि भारत के साथ कजाकिस्तान का ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव सदियों पुराना है। भारत बहुभाषी देश होने के साथ ही सांस्कृतिक विविधताओं से संपन्न देश है। इस संगोष्ठी के माध्यम से मध्य एशिया तथा भारत के बीच में अकादमिक संबंध मजबूत होंगे।

बीज वक्तव्य में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय अध्ययन संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. अश्विनी महापात्रा ने कहा कि विचारों की विविधता से ही बौद्धिक विकास होता है।

मौलाना अब्दुल कलाम आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ एशियन स्टडीज कोलकाता के निदेशक प्रो. स्वरूप प्रसाद घोष ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सांत्वना पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने किया।

### तरंग बैण्ड ने दी कुल गीत की प्रस्तुति

विश्वविद्यालय के तरंग बैंड ने सरस्वती वंदना और कुलगीत प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक प्रो. रामकृष्णन प्रधान ने संगोष्ठी के विषय का प्रवर्तन किया। आयोजन सचिव डॉ. राजकुमार नागवंशी तथा डॉ. अमित कुमार गुप्ता रहे।

19-APR--REGNOL--pg-5 -COMMAN_Layout 1 4/19/2025 11:44 PM Page 1



## निधन



### आशा शुक्ला

**बिलासपुर।** विनोबा नगर निवासी आशा शुक्ला का 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारती नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. डा. डीपी शुक्ला की पत्नी एवं विवेक शुक्ला, विभूति शुक्ला, विकास शुक्ला की माता थीं।



### दीनानाथ सिंह

**बिलासपुर।** कुम्हारपारा तालापारा तैयबा चौक निवासी दीनानाथ सिंह का 19 अप्रैल को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे भारती नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शहर कांग्रेस कमेटी सचिव अर्जुन सिंह के पिता थे।



### आशा मार्डीकर

**बिलासपुर।** नेहरु नगर निवासी आशा मार्डीकर पति स्व. वासुदेव मार्डीकर का 82 वर्ष की आयु में 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 20 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे मुकुंद की मां और प्रांजल की दादी थीं।



### हरिहर प्रसाद बाजपेयी

**तखतपुर।** वार्ड क्र 12 मेन रोड निवासी नगर के प्रतिष्ठित नागरिक हरिहर प्रसाद बाजपेयी का 80 वर्ष की आयु में 19 अप्रैल को निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे विमल बाजपेयी, नमीष बाजपेयी (लालू) के पिता थे।



### पवन तिवारी

**सकरी।** कुदुदंड निवासी पवन तिवारी का 45 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे हांफा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे चन्द्र कुमार तिवारी, संजय तिवारी के अनुज, दीपक तिवारी के बड़े भाई, सागर - विशाल के पिता एवं मनीष, मुकेश रूपेश तिवारी के चाचा थे।



### गगन पाल

**सकरी।** नगर पंचायत सकरी के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व पार्षद गगन पाल का निधन 19 अप्रैल को सुबह हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. राजकुमार पाल के अनुज थे।



### जग्गू राम कर्माकर

**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त प्रधान पाठक जग्गूराम कर्माकर का 80 वर्ष की आयु में 19 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पथरिया के ग्राम भरेवा स्थित मुक्तिधाम में 20 अप्रैल को किया जाएगा। वे अश्वनी, तोरन के पिता व भानु कर्माकर के बड़े भाई थे।

# महामेरू पीठम की दिव्यता से आत्मा को मिलती है शांति : तोखन

### सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

मुंगेली जिले के नगर पंचायत सरगांव के पास ग्राम खम्हारडीह में मनियारी तट पर छत्तीसगढ़ की प्रथम वेद पाठशाला श्री चक्र महामेरू पीठम स्थापित है, जो दिव्यता व अलौकिकता से भरपूर है।

इस आश्रम में पीठाधीश्वर सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी के सानिध्य में हर साल सनातनी बच्चों का भविष्य निखर रहा। यंहा देश भर से आए बटुकों को वेद, शास्त्र, सहित सनातन शिक्षा देने का कार्य किया जाता है। यहां पहुंचकर सैकड़ों लोग गुरु दीक्षा का संस्कार भी प्राप्त कर रहे हैं। इस अलौकिक पीठम का दर्शन करने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू पहुंचे एवं दिव्य आरती में शामिल हुए। श्री साहू ने गुरुदेव सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी से आशीर्वाद लिया एवं आश्रम में दीक्षा ग्रहण करने वाले बाल विद्यार्थियों से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर तोखन साहू ने कहा कि महामेरू पीठम की दिव्यता और अलौकिकता में डूबकर आत्मा को अदभुत शांति मिलती है। यंहा देवी के सिंहासन को ऊर्जा, श्रद्धा, और संकल्प का संगम माना जाता है। यह एक ऐसा स्थान है, जंहा की गई प्रार्थनाएं सीधे प्रभु तक पहुंचती हैं। इस तपोभूमि में आकर सचमुच जीवन कृतार्थ हो गया। यह अनुभव हमेशा के लिए ह्रदय में बस जाएगा। पीठम के पंडित डॉ कमल किशोर दुबे ने बताया कि आश्रम परिसर में 51 फीट ऊंचे देवी राजराजेश्वरी के दिव्य मंदिर का 23 अप्रैल को भूमिपूजन आयोजित किया गया है।साथ ही उन्होंने बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथावाचक पं अनिरुद्धाचार्य की विशेष उपस्थिति रहेगी।



श्री चक्र महामेरू पीठम पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू।

साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संत समागम होने जा रहा है, जिसमें स्वामी विशोकानन्द, भारती निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर, स्वामी चक्रपाणि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय हिन्दू महासभा, स्वामी विश्वानन्द तीर्थ, खम्हारडीह स्वामी उमेश आनंद गिरी महंत जूना अखाड़ा छग, स्वामी कृष्णानंद कोलकाता, महंत स्वामी रामानन्द कोलकाता उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू, जनपद सभापति मनीष साहू, ब्रजेश शर्मा, दुर्गेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# विधायक के प्रयासों से मस्तूरी क्षेत्र में सड़कों का हो रहा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में अब विकास की रफ्तार तेज हो गई है, विधायक दिलीप लहरिया के प्रयासों से क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के निर्माण एवं नवीनीकरण के कार्य को स्वीकृति मिली है। सड़क बनने से लाखों लोगों का आवागमन आसान होगा।



विधायक दिलीप लहरिया क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसी का नतीजा है कि मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र विकास का नया रूप ले रहा है। यातायात की समस्याओं को दूर करने लहरिया ने 7 सड़कों के निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य को स्वीकृति दिलाई है। इसके तहत सीपत बलुआड़ा रोड से दर्राभाठा के लिए 29 लाख 60 हजार की लागत, चकरबेढ़ा से कुटेला तक के लिए 1 करोड़ 47 लाख की लागत, बिनैका से खपरी के लिए 66 लाख की लागत, मस्तूरी मल्हार रोड से सरगवां सड़क के लिए 21 लाख 60 हजार की लागत, चौहा से डोड़की तक सड़क के लिए 23 लाख 20 हजार की लागत, मल्हार से नेवारी तक सड़क के लिए 36 लाख 60 हजार की लागत, मस्तूरी मल्हार रोड से जैतपुर तक सड़क के लिए 97 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। विधायक श्री लहरिया ने कहा कि मस्तूरी विधानसभा में विकास का नया आगाज हो चुका है। मस्तूरी की जनता मेरा परिवार है और उनकी समस्याओं को दूर करना मेरा कर्तव्य है। उनके आशीर्वाद एवं समर्थन से ही मस्तूरी ने विकास की रफ्तार पकड़ी है। हम दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं, मस्तूरी को नया रूप प्रदान करना मेरा लक्ष्य है।

# आंधी से ढहा पंडाल पर पंडित राजू ने कलश यात्रा के साथ शुरू किया कथा का शुभारंभ





**सीपत।** ग्राम दर्राभांठा में 19 से 25 अप्रैल तक आयोजित होने वाली भव्य श्रीमद भागवत कथा की तैयारियों पर शुक्रवार की शाम प्रकृति का कहर भारी पड़ गया। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने पूरे आयोजन की तैयारियों पर पानी फेर दिया।

पंडाल कुछ ही पलों में धराशायी हो गया, टेंट उड़ गया एवं साउंड सिस्टम और कूलर पानी में भीगकर बेकार हो गए। कथा स्थल की जमीन कीचड़ में तब्दील हो गई और श्रद्धालुओं की उम्मीदें बिखरती नजर आईं। सौभाग्य यह रहा कि कथा की शुरुआत शनिवार से थी, वरना हादसा और गंभीर हो सकता था। घटना के तुरंत बाद पंडित अनिरुद्धाचार्य महाराज ने सोशल मीडिया पर कथा स्थगित करने की जानकारी दी। इस खबर के बाद यजमानों, श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों में निराशा की लहर दौड़ गई। बता दें कि अनिरुद्धाचार्य के 2 अनुयायी 3 दिन पूर्व उत्तरप्रदेश से यहां आकर अपना डेरा डंडा डाल चुके थे। साथ ही 10 दिन पूर्व मेले में जगह मिलने की होड़ में कुछ व्यापारी बाहर से यहां आकर अपना डेरा डाल चुके थे, जिन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। आयोजकों ने स्थिति को संभालते हुए निर्णय लिया कि अब कथा पंडित राजू जी महाराज के नेतृत्व में छबिलाल पटेल के निवास पर संपन्न कराई जाएगी। इसी क्रम में शनिवार 19 अप्रैल को शाम 3 बजे कलश यात्रा के साथ कथा की शुरुआत हुई, जहां भक्त भक्ति की डुबकी लगा रहे है।



# मनोरंजक वातावरण में पढ़ने से शिक्षा के प्रति ललक बढ़ती है: पूजा

**तखतपुर।** राज पब्लिक स्कूल परिसर तखतपुर में ग्रीष्मकालीन उत्सव मनाया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ शामिल हुईं। कार्यक्रम में पूजा मक्कड़ ने कहा कि पढ़ाई की शुरूआत मनोरंजक वातावरण में करने से शिक्षार्थी का शिक्षा के प्रति ललक बढ़ जाती है। साथ ही मनोरंजक वातावरण से प्राप्त ज्ञान स्थायी हो जाता है, इस माध्यम से सीखी गई सभी बातों को विद्यार्थी जिंदगी भर कहीं और नहीं पाता है। कार्यक्रम में प्रीतम कौर बग्गा, परमीत सिंह बग्गा, रसेल फ्रांसिस, पार्षद अनुपमा पाण्डेय, जसप्रीत हूरा, लवली हूरा, सुनील जांगड़े, शैलेंद्र निर्मलकर, पूजा गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# तहसीलदार की कार्रवाई 50 ट्रैक्टर अवैध रेत जब्त

**सीपत।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत दर्राभांठा में तहसीलदार सोनू अग्रवाल के नेतृत्व में राजस्व व खनिज विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करते हुए 50 ट्रैक्टर अवैध रेत को जब्त कर लिया।

गौरतलब है कि भारी संख्या में रेत होने से ग्रामीणों ने तहसीलदार सोनू अग्रवाल को इस मामले की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल ने कार्रवाई कर जांच के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मौके पर पहुंचकर ने जांच की तो नदी से अवैध रूप से खनन कर रेत को दर्राभांठा में डंप करना पाया गया। रेत से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिलने पर रेत को अवैध घोषित किया गया। वहीं लगभग 50 ट्रैक्टर रेत को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया एवं खनिज अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की गई।



अवैध रेत पर कार्रवाई करते तहसीलदार सोनू अग्रवाल।



## खबर संक्षेप

### युवक से मोबाइल लूटकर भागे 3 युवक

**बिलासपुर।** एक युवक को रोककर पैसा मांगे नहीं देने पर मोबाइल लूटकर तीन युवक भाग गए। पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार, नवागांव सल्का निवासी आर्दश जायसवाल पिता बद्रीनाथ 17 अप्रैल को काम निपटाने के बाद बिलासपुर से गांव जा रहे थे। रात 9.30 बजे खरगहना के पास तीन अज्ञात युवक आए और उनसे पैसा मांगने लगे। मना करने पर उनका मोबाइल लूटकर तीनों युवक बाइक से भाग गए। पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 304, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 7 वाहनों पर काटा 14 हजार का समन शुल्क



**बिलासपुर।** जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने नियमित कार्रवाई की जा रही है।
इसी क्रम में 19 अप्रैल को उप पुलिस अधीक्षक यातायात शिवचरण सिंह परिहार के नेतृत्व वाली टीम द्वारा देर रात्रि शहर में प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाली वाहनों एवं प्रतिबंधित मार्ग में चलने वाले भारी वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वाले कुल 7 वाहनों पर 14 हजार रुपए का समन शुल्क काटा गया। वहीं प्रतिबंधित मार्ग में चलने वाले 3 भारी वाहनों को अग्रिम कार्रवाई करने पुलिस लाइन में खड़ा किया गया।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी फरार

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार है।
36 वर्षीय पीड़िता सिरगिट्टी क्षेत्र की निवासी है। उसने पुलिस को बताया कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान उसकी पहचान अंबिकापुर निवासी मार्तण्ड प्रताप सिंह से हुई थी। पहचान के बाद दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और एक-दूसरे को पसंद करने लगे। युवती के अनुसार, 13 फरवरी 2022 को जब उसकी मां घर पर नहीं थी, तब आरोपी उसके घर आया और शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने कई बार उससे संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि 6 अक्टूबर को जब उसने शादी की बात की तो आरोपी ने इनकार कर दिया। इस पर युवती ने महिला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी और उसके परिजनों को बुलाकर समझाइश दी, जिसके बाद आरोपी ने शादी की हामी भरते हुए होली के बाद मुहूर्त में शादी का आश्वासन दिया। हालांकि, अब आरोपी और उसके परिवार वाले शादी से मुकर गए हैं। युवती की शिकायत पर सिरगिट्टी पुलिस ने आरोपी मार्तण्ड प्रताप सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में जुट गई है।


### संदिग्ध अवस्था में मिली युवक की लाश

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र पर स्थित गुंबर पेट्रोल पंप के पास शनिवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। सिविल लाइन थाना प्रभारी एस आर साहू ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल पुलिस ने आसपास के थानों से संपर्क कर गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगालना शुरू कर दी है, ताकि मृतक की पहचान की जा सके। घटनास्थल से कोई दस्तावेज या पहचान संबंधी वस्तु बरामद नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

**महिला सहित दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज**

# केस में मदद करने 1 करोड़ रुपए उधार लिया, 88 लाख नहीं लौटाया

**बिलासपुर।** पति से तलाक के केस में मदद करने का झांसा देकर दो लोगों ने एक महिला से 1 करोड़ रुपए उधार ले लिया, फिर 88 लाख रुपए गबन कर नहीं लौटाया। पुलिस ने महिला सहित दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, सरकण्डा जोरापारा निवासी शिल्पी श्रीवास्तव की शादी वर्ष 2012 में दिल्ली निवासी वरूण गोपाल से हुई थी। दोनों के बीच अनबन होने से पति से तलाक का मामला उच्चतम न्यायालय में चल रहा था। इस बीच उनके पति के रिश्तेदार अमित दीवान, स्वाति गोपाल सिंगल केस में मदद कर रहे थे। अच्छा संबंध होने का फायदा उठाकर दोनों ने जरूरत बताते हुए शिल्पी और उसकी मां से वर्ष 2018 से 21 के बीच अलग अलग किश्तों में लगभग 1 करोड़ रुपए उधार ले लिया।

श्रीमती श्रीवास्तव ने एग्रीमेंट करने कहा तो दोनों ने 10 लाख रुपए लौटा दिया। उसके बाद बार बार कहने पर दोनों ने दिल्ली में एग्रीमेंट किया। एग्रीमेंट के बाद भी 88 लाख रुपए नहीं मिला तो लौटाने के लिए दबाव बनाया। इस पर दोनों ने जमीन बेचकर रकम लौटाने को कहा और कई बार चेक भी दिया।

इसी दौरान पति पत्नी के बीच केस का फैसला आ गया। श्रीमती श्रीवास्तव ने रकम लौटाने दबाव बनाया तो दोनों ने केस से मिलने वाले रकम को लेकर ब्लेकमेल करने लगे। श्रीमती श्रीवास्तव ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अमित दीवान, स्वामी गोपाल सिंगल के खिलाफ धारा 420, 384, 406, 120 बी, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**ठगी करने वालों का पुलिस नहीं लगा पाई सुराग**

# महिला को नशीला पानी पिलाकर जेवर निकालकर भागे तीन लोग

**बिलासपुर।** बीपी की दवाई खरीदने आई बुजुर्ग महिला को घर छोड़ने का झांसा देकर दो महिला सहित तीन लोग आटो में बैठाकर बृहस्पति बाजार बीआर यादव गार्डन लेकर आ गए। यहां नशीला पानी पिलाकर मूर्छित कर 5 तोला वजनी सोने की चार चूड़ियां, चेन, अंगूठी, नकद रकम निकाल लिया और बैग में कागज की पोटरी थमाकर भाग गए। पुलिस ठगी करने वालों का सुराग नहीं लगा पाई है। शुभम विहार बापजी रेसीडेंसी निवासी सुधीर घोसले ने बताया, उनकी मां हेमलता घोसले 70 साल शुक्रवार की शाम 6.30 बजे बीपी की दवा व मोबाइल चार्जर लेने मंगला चौक गई थी। श्रीराम मोबाइल से चार्जर लेने के बाद पैदल जा रही थी। 36 सिटी मॉल के पास एक युवती, एक महिला व एक पुरूष उन्हें मिले और घर छोड़ने की बात कहते हुए आटो रूकवाकर बैठा लिया। उसके बाद तीनों आटो से उन्हें मुंगेली नाका होते हुए वेयर हाउस रोड, राजेन्द्र नगर चौक होते हुए बृहस्पतिबाजार बीआर यादव गार्डन लेकर गए। गार्डन में बैठाकर युवती ने उन्हें नशीला पानी का बाटल पीने को दी। पानी पीते ही श्रीमती घोसले बदहवास हो गईं।



उसके बाद तीनों ने उनके हाथ से पांच तोला वजनी सोने की चार चूड़ी, एक सोने की चेन, अंगूठी, 6 हजार रुपए नकद ले लिया और उनके बैग में कागज की पोटली रखकर भाग गए। इधर श्रीमती घोसले के देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन कर रहे थे। काफी मशक्कत बाद करीब 10.30 बजे उन्हें श्रीमती घोसले बृहस्पति बाजार गार्डन के पास बदहवास हालत में मिली। उसके बाद उन्हें थाने ले जाकर घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। बहरहाल दूसरे दिन भी ठगी करने वालों का पुलिस सुराग नहीं लगा पाई है।

**सुनसान रहे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म**

# यात्रियों के लिए पटरी पर चल रहीं सिर्फ 15 गाड़ियां, पर गुड्स के लिए 300 ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर का वर्तमान में ऐसा हाल हो गया है कि यहां से यात्रियों के लिए दिन भर में सिर्फ 15 एक्सप्रेस, लोकल और पैसेंजर यात्री गाड़ियां गुजर रही हैं, परन्तु कमाई करने के लिए 300 मालगाड़ियों को निकाला जा रहा है। रेलवे ने पहले ही 25 अप्रैल तक 36 मुख्य ट्रेनों को रद्द कर दिया है, वहीं 25 अप्रैल के बाद रद्द होने वाली ट्रेनों का आंकड़ा 50 होने वाला है। यात्री ट्रेनों के नहीं दिखने के कारण स्टेशन का प्लेटफार्म भी दोपहर की भीषण गर्मी में सुनसान सड़क की तरह दिखाई देने लगा है।

एसईसीआर का मुख्य जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर स्टेशन की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। यहां पांच साल पहले जहां सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों की खचाखच भीड़ के कारण पैर रखने की जगह नहीं मिल पाती थी। वर्तमान में ऐसा हाल हो गया है कि स्टेशन का प्लेटफार्म अब यात्री ट्रेनों के साथ यात्रियों के लिए भी तरसने लगा है। इसका कारण है कि पिछले पांच साल यानि कोरोना काल और कोरोना काल के समाप्त होते ही रेल प्रशासन को अचानक बिलासपुर से झारसुगुड़ा चौथी लाइन और बिलासपुर से कटनी तीसरी लाइन के साथ बिलासपुर से नागपुर सेक्शन के बीच राजनांदगांव-गोंदिया और कलमना तक तीसरी लाइन बनाने का ध्यान आ गया। रेल लाइन व अन्य अधोसंरचना कार्य के कारण रेलवे ने हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली मुख्य ट्रेनों के अलावा बिलासपुर से उसलापुर होकर कटनी रूट की ओर जाने वाली गाड़ियों को लगातार रद्द करते हुए यात्रियों को परेशानी में डाल दिया। चार साल के अंतराल में बिलासपुर जोन में रद्द होने वाली ट्रेनों का आंकड़ा 7600 से अधिक का रहा, जिसमें 2 करोड़ से अधिक यात्रियों का सफर प्रभावित हुआ। इसी तरह का हाल वर्तमान में भी चल रहा है।

बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच पहले से तीन लाइन बनी हुई है। इन तीनों लाइन पर चलने वाली ट्रेनों की रफ्तार 130 किलोमीटर प्रति घंटा है। तीन लाइन के बाद चौथी लाइन का काम 25 अप्रैल तक करने का निर्णय लेते हुए हावड़ा-मुम्बई की मुख्य ट्रेनों के साथ बिलासपुर-रायगढ़ के बीच चलने वाली मेमू और पैसेंजर सहित 36 ट्रेनों को रद्द किया गया है।



यात्री ट्रेनें कम होने के कारण प्लेटफार्म पर पसरा सन्नाटा।

**चल रही हैं ये ट्रेनें**

रायगढ़ से कोतरलिया स्टेशन के बीच चौथी लाइन का काम रेल प्रशासन कर रही है। इसकी वजह से हावड़ा से बिलासपुर आकर रायपुर, नागपुर और मुम्बई की ओर आने-जाने वाली मुख्य ट्रेनों में आजादहिंद, गीतांजली, शालीमार सहित अन्य ट्रेनों के पहियों को थाम कर रखा हुआ है। वहीं दो ट्रेनें मेल और दूरंतों डायवर्ट होकर चल रही हैं। वर्तमान में यात्री ट्रेनों के परिचालन की जानकारी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन से दिन भर में बिलासपुर से रायपुर की ओर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, राजधानी, बिलासपुर-निजामुद्दीन गोंडवाना, भगत की कोठी, बीकानेर सहित बिलासपुर-रायपुर लोकल व इंटरसिटी, शिवनाथ, वंदेभारत और कटनी की ओर जाने वाली उत्कल, हमसफर मिलाकर केवल 15 ट्रेनों का परिचालन हो रहा है।

**उसी रूट पर चल रही मालगाड़ी**

रेलवे ने वर्तमान में 36 ट्रेनों को ऐसे समय में रद्द किया है, जब बच्चों की गर्मी की छुट्टी शुरु हो गई है। रद्द ट्रेनों के कारण लाखों यात्री परेशान हो रहे हैं। जिस सेक्शन में रेलवे ने वर्तमान में चौथी लाइन बनाने के लिए यात्री ट्रेनों के पहियों को रोका है, उसी रूट पर तीनों लाइन पर मालगाड़ियों के पहिए धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।

**जोन में चल रहा काम**

रेलवे के अनुसार इस वर्ष 200.15 किलोमीटर रेल खंड का निर्माण, कमीशनिंग कार्य पूरा हुआ, जिसकी लागत 2896.53 करोड़ थी। इस परियोजना में अनूपपुर-कटनी तीसरी रेल लाइन में 91.52 किमी लंबी रेल लाइन का निर्माण एवं कमीशनिंग की गई, जिसमें बधवाबारा-घुंघुटी 13 किमी, घुंघुटी से मुढ़रिया 10.70 किमी, मुढ़रिया से बीरसिंहपुर 5.60 किमी, उमरिया से लोरहा 10.00 किमी, चंदिया रोड से विलायतकलां 9.50 किलोमीटर, बीरसिंहपुर-नौरोजाबाद 6.90 किलोमीटर, नौरोजाबाद से करकेली 10.20 किमी, करकेला से उमरिया 12.42 किमी रेलखंड शामिल है।




# बिलासा एयरपोर्ट का विकास कार्य रोकना केन्द्र का दोहरा रवैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एयरपोर्ट को 4सी एयरपोर्ट के तौर पर विकसित करने में केन्द्र का दोहरा रवैया सामने आ रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि रायपुर एयरपोर्ट से बिलासा एयरपोर्ट की दूरी 125 किमी है, इसे लेकर केन्द्र सरकार निर्माण को लेकर बहाने बना रहा है।

समिति ने कहा कि 4सी एयरपोर्ट के 150 किमी के दायरे में नया एयरपोर्ट ना बनाने की नीति पुरानी है, केंद्र सरकार कई बाद इसपर बदलाव कर चुकी है। इसके अलावा भी यह नीति उन प्रस्तावों पर लागू रहती है जहां पर बिना किसी एयरपोर्ट के पूरी तरह नया एयरपोर्ट जमीन अधिग्रहण करके बनाए जाने वाला हो। ऐसे एयरपोर्ट को ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट कहते हैं जबकि पहले से स्थित एयरपोर्ट को अपग्रेड और विकसित करने के प्रोजेक्ट को ब्राउन फील्ड प्रोजेक्ट कहा जाता है। सदस्यों ने कहा कि केंद्र सरकार इस नीति के विपरीत कई नए एयरपोर्ट विकसित कर चुकी है। कानपुर का एयरपोर्ट से मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, कोलकाता के लिए उड़ान संभव है, यह एयरपोर्ट लखनऊ एयरपोर्ट से महज 80 किमी दूर है। प्रयागराज और वाराणसी का एयरपोर्ट के बीच दूरी 125 किमी के करीब है। ज्ञात हो कि दोनों एयरपोर्ट 4 सी श्रेणी के एयरपोर्ट हैं। इसी प्रकार तमिलनाडु में मदुरई त्रिचि और सेलम के एयरपोर्ट एक दूसरे से लगभग 130 किमी की दूरी पर है और इनमें त्रिचि का एयरपोर्ट अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाया गया है। सेलम से 150 किमी की दूरी पर कोयंबतूर में 4सी एयरपोर्ट संचालित है। समिति ने कहा कि दिल्ली नोएडा में जेवर का नया एयरपोर्ट, मुंबई में नवी मुंबई का नया एयरपोर्ट, एक दूसरे से महज 60 किलोमीटर की दूरी पर है। ऐसे में किसी एयरपोर्ट से दूरी कोई पैमाना नहीं है जिसके आधार पर एयरपोर्ट का विकास रोका जा सके।

■ हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का आरोप

इस दौरान बद्री यादव, रामा बघेल, रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, मोहन जायसवाल, महेश दुबे, मनोज श्रीवास, शिरीष कश्यप, रणजीत सिंह खनूजा, शिवा मुदलियार,विजय तिवारी, दिनेश कश्यप, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# शौचालय से चावल का वितरण, बोरियां भी डंप

## ग्राम उरतुम के 600 से अधिक राशन कार्डधारी पिछले तीन महीने से परेशान




ग्राम हरदीडीह के सार्वजनिक शौचालय में रखा गया पीडीएस का अनाज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम उरतुम के 600 से अधिक राशन कार्डधारी पिछले तीन महीने से राशन के लिए परेशान हैं। पहले तो इन्हें चावल नहीं दिया गया और बाजार में उसे बेच दिया गया।

अब ग्रामीणों को परेशान करने के लिए इस राशन दुकान को गांव से 3 किमी दूर ग्राम हरदीडीह में शिफ्ट कर दिया गया है। इससे लोगों को इस भीषण गर्मी में राशन के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यही नहीं चावल की चोरी के लिए बोरियों को ग्राम हरदीडीह के नए बने शौचालय में शिफ्ट कर दिया गया।

ग्रामीणों ने इसे पकड़ा तो कहा गया कि इसी शौचालय से राशन वितरण होगा। मजे की बात यह है कि पिछले करीब 20 दिनों से इसी शौचालय में चावल की बोरियां डंप है और कार्डधारियों को यही से चावल का वितरण भी किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्त भूपेन्द्र गौरहा ने इसकी शिकायत कलेक्टर और खाद्य विभाग से की है। उन्होंने बताया कि इस राशन दुकान का संचालन अमित पटेल करता है और दुकान का नाम शिवशक्ति महिला समूह है।

गौरतलब है इसी राशन दुकान में पहले भी चावल और नमक की गड़बड़ी सामने आ चुकी है। खाद्य विभाग की जांच में पाया गया था कि दुकान से 250.74 क्विंटल चावल, 3.28 क्विंटल नमक और 1.54 क्विंटल शक्कर कम पाया गया था।

# 570 नग नशीली टेबलेट, 50 हजार नकद सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक बार फिर नशे के सौदागर सक्रिय होकर बेखौफ प्रतिबंधित टेबलेट व कफ सिरप बेच रहे हैं। पुलिस ने तालापारा क्षेत्र में एक युवक को पकड़कर उसके पास से 570 नग टेबलेट व 50 हजार रुपए बिक्री रकम बरामद किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू को सूचना मिली, तालापारा तारामंडल रेलवे किनार के पास एक युवक प्रतिबंधित टेबलेट बेच रहा है। श्री साहू के निर्देश पर स्टाप ने मौके पर घेराबंदी करते हुए जरहाभाठा मंझवापारा निवासी अर्पित महिलांगे उर्फ रोशन पिता गोरेलाल महिलांगे 28 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 10 स्ट्रीप में 570 नग प्रतिबंधित टेबलेट व 50 हजार रुपए बिक्री रकम मिला। पूछताछ में उसने कोरबा से टेबलेट लाकर बेचना बताया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत टेबलेट, नकद रकम जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि तीन दिन पूर्व बुधवार को सिविल लाइन पुलिस ने उसलापुर स्टेशन ट्रेन से उतरकर महर्षि स्कूल रोड की ओर जा रहे आजाद चौक निवासी विकास कुमार साहू उर्फ बंटी पिता सुखदेव साहू 22 साल को पकड़कर 23 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया था। इसके पूर्व में पुलिस ने लंबे अरसे से नशे के कारोबार करने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों को जेल भेज दिया। उसके बाद उनके द्वारा नशे के कारोबार से बनाई गई संपत्ति, वाहनों को जब्त किया गया था। जिसके कारण कुछ समय तक नशे के कारोबार में अंकुश लग गया था। किन्तु एक बार फिर नशे के सौदागर सक्रिय होकर बाहर से प्रतिबंधित टेबलेट व कफ सिरप लाकर बिक्री कर रहे हैं।









# चाकू अड़ाकर दो आटो चालकों से मोबाइल रकम लूटने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन में चाकू अड़ाकर दो आटो चालकों से मोबाइल, नकद रकम लूटने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, 19 अप्रैल को रात 1.30 बजे मल्हार निवासी चंद्र कुमार कौशिक आटो चलाने रेलवे स्टेशन गया था। वह अपने आटो के सामने खड़े होकर मोबाइल देख रहा था। इसी दौरान तीन युवक आए और चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके हाथ से मोबाइल व दूसरे आटो चालक चांद मोहम्मद से 750 रुपए नकद लूटकर भाग गए। दोनों आटो चालकों ने लूट की सूचना तोरवा थाने में दी। टीआई श्री बैस ने स्टाफ के साथ पतासाजी कर मुखबिर की सूचना पर गणेशनगर सिरगिट्टी निवासी अंशु बक्सेल पिता विशाल बक्सेल 18 साल विजय सिंह ठाकुर पिता राजेश सिंह ठाकुर 18 साल, लक्कीदास मानिकपुरी पिता सुनील दास मानिकपुरी 18 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तीनों ने लूटपाट करना स्वीकार कर लिया। उनसे लूटी गई मोबाइल व रकम बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 309, 4, 3, 5, व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

